शनिवार, 15 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 19 |
| आर्द्रता | 40% |
| सूर्योदय: 6:09 | सूर्यास्त: 17:33 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

BSNL
Connecting India

बीएसएनएल 17 साल बाद मुनाफे में लौटी, दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का लाभ -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : इस दुनिया में एक ही चीज फ्री मिलती है वो है टेंशन।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# अमेरिका-भारत संबंधों में नया अध्याय

## भारत तटस्थ नहीं, शांति का पक्षधर हैः रूस-यूक्रेन विवाद पर प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध समाप्त कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों का स्वागत किया तथा इस बात पर जोर दिया कि संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं खोजा जा सकता तथा शांति के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को ट्रंप के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि भारत युद्ध के मामले में तटस्थ नहीं रहा है और वह शांति का पक्षधर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के 'मागा' की तर्ज पर दिया 'मीगा' का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चर्चित कथन 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (मागा) की तर्ज पर 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (मीगा) का मंत्र दिया और कहा कि ये दोनों दृष्टिकोण मिलकर समृद्धि के लिए "मेगा" (विशाल) साझेदारी बनाते हैं तथा द्विपक्षीय साझेदारी को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले हैं। उन्होंने ये टिप्पणियां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान कीं।

## आतंकवाद, रक्षा एवं ऊर्जा पर अहम समझौते



राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी का बेहद गर्मजोशी से किया स्वागत

### ट्रंप को भारत आने का न्योता दे रवाना हुए पीएम

**वाशिंगटन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात गुरुवार देर रात (भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 3 बजे) व्हाइट हाउस में हुई। इस दौरान दोनों ने एक-दूजे को गले लगाया और ट्रंप ने माना कि उन्होंने पीएम मोदी को मिस किया। टैरिफ मामले को लेकर पीएम मोदी की तारीफ की और उन्हें एक टफ नेगोशिएटर करार दिया। इस बैठक में भारत- अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग, आतंकवाद विरोधी रणनीति और ऊर्जा साझेदारी जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

**26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके प्रशासन ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के लिए भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित और 'बहुत बुरे' व्यक्ति तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। माना जाता है कि वह मुंबई के 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा है।

**इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का किया फैसला**

अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया। दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्तपोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने और वैश्विक आतंकवाद विरोधी अभियान में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा।

**अमेरिका ने भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने का किया फैसला**

भारत की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए अमेरिका ने भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया। दोनों देशों ने अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करने की योजना बनाई है। इससे भारत को अपने ऊर्जा संसाधनों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

**भारत, अमेरिका ने 500 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य रखा**

भारत और अमेरिका ने इस साल तक पारस्परिक रूप से लाभकारी महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके साथ ही दोनों देशों ने 2030 तक वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही आगाह किया कि भारत पर जवाबी शुल्क लगाने से अमेरिका परहेज नहीं करेगा।

**प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 16 साल पहले दोनों देशों के बीच हुए ऐतिहासिक असैन्य परमाणु समझौते के तहत भारत में अमेरिकी डिजाइन वाले परमाणु रिएक्टरों के निर्माण को सुविधाजनक बनाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। दोनों नेताओं के संयुक्त बयान के अनुसार, "ट्रंप और मोदी ने बड़े पैमाने पर स्थानीयकरण और संभावित प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में अमेरिका द्वारा डिजाइन किए गए परमाणु रिएक्टरों के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की योजनाओं के साथ आगे बढ़ते हुए अमेरिका-भारत 123 असैन्य परमाणु समझौते को पूरी तरह से साकार करने की अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की।"

पृष्ठ 7

## बांग्लादेश का फैसला मोदी करेंगे : ट्रंप

इस दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में चल रहे संकट को लेकर भी चर्चा की। ट्रंप ने कहा, बांग्लादेश का फैसला पीएम मोदी करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में जारी संकट को लेकर अमेरिका की किसी भी भूमिका को खारिज कर दिया। उन्होंने आगे कहा, बांग्लादेश का फैसला पीएम मोदी करेंगे।

## भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति का रास्ता साफ

भारत और अमेरिका ने नयी 10-वर्षीय रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर करने तथा प्रमुख हथियारों के सह-उत्पादन को जारी रखने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साथ ही घोषणा की कि अमेरिका 'एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू जेट' विमान की संभावित आपूर्ति सहित भारत को सैन्य हार्डवेयर की बिक्री में वृद्धि करेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास 'व्हाइट हाउस' में बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को कई मुद्दों पर बातचीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रपति ट्रंप ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी और भारतीय सेनाओं की विदेशी तैनाती को समर्थन देने और उसे बनाए रखने के लिए "नयी राह" खोलने का संकल्प जताया, जिसमें सुरक्षा साजो-सामान और खुफिया जानकारी साझा करना भी शामिल है। भारत ने अमेरिका से छह अतिरिक्त 'पी-8आई' लंबी दूरी की समुद्री निगरानी एवं पनडुब्बी रोधी युद्धक विमानों की खरीद की आधिकारिक पुष्टि की। भारतीय नौसेना के पास पहले से ही 11 पी-8आई विमान हैं।

## शेयर बाजार में आठ दिनों से जारी गिरावट से निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली :** बाजार में लगातार आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट के कारण निवेशकों को 25.31 लाख करोड़ रुपये कर नुकसान हुआ है। इस दौरान विदेशी पूंजी निकासी, उम्मीद से कम तिमाही आय और वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितता की चिंताओं के बीच बीएसई सेंसेक्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। लगातार आठ सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत गिरा, तथा एनएसई निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत नुकसान में रहा। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण आठ दिन में 25,31,579.11 करोड़ रुपये घटकर 4,00,19,247 करोड़ रुपये (4,610 अरब डॉलर) रह गया।

## भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा वार्ता अगले हफ्ते

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल अगले सप्ताह यहां द्विवार्षिक वार्ता करेंगे, जिसमें सीमा पर बाड़ लगाने और बांग्लादेशी शरारती तत्वों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और नागरिकों पर हमले जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच 55वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन 17 से 20 फरवरी के बीच यहां बीएसएफ मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल अगस्त में, बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार गिरने के बाद दोनों पक्षों के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय बैठक होगी। भारतीय पक्ष का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी करेंगे, जबकि बीजीबी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मेजर जनरल मोहम्मद अशरफजमां सिद्दीकी करेंगे। बांग्लादेश स्थित शरारती तत्वों या बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमले की रोकथाम, सीमा पार से होने वाले अपराधों को रोकने के तरीके, बाड़ लगाने, बांग्लादेश में भारतीय विद्रोही समूहों के खिलाफ कार्रवाई एवं सीमा पर बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दे, समन्वित सीमा प्रबंधन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संयुक्त प्रयास, विश्वास बहाली के उपाय और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई के चार्जशीट में सिफारिशों की सूची से मचा हंगामा

### सिफारिश करने वालों में शौकत, ममता बाला, भारती घोष से लेकर दिव्येंदु अधिकारी तक के नाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई के हाथों एक ऐसे दस्तावेज लगे है जिसके कारण केन्द्रीय एजेंसी ने सनसनी फैला दी है। सीबीआई को प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान नामों की एक सूची प्राप्त हुई। सूची में तृणमूल कांग्रेस विधायक शौकत मोल्ला और ममता बाला ठाकुर, भाजपा नेता भारती घोष से लेकर शुभेंदु व दिव्येंदु अधिकारी तक के नाम भी शामिल है। सीबीआई का मानना है कि इनमें से प्रत्येक नेताओं ने नौकरी चाहने वालों के नामों की सिफारिश की थी। बता दें कि पिछले साल जून में सीबीआई ने विकास भवन के गोदाम पर छापा मारा था। वहां तलाशी के दौरान यह दस्तावेज बरामद किए गए थे। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, दस्तावेजों में दिव्येंदु से लेकर शौकत तक के नामों की सूची है जिन्होंने नौकरी चाहने वालों के नाम की सिफारिश की थी। उक्त सूची राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को भेजी गई थी। सीबीआई के दस्तावेजों से पता चलता है कि कुल 324 नामों की सिफारिश की गई थी। और जिन लोगों ने सिफारिशें की हैं उनके नाम और पहचान ज्ञात हैं। सूची में दिव्येंदु के नाम के आगे एमपी शब्द लिखा है। दिव्येंदु कभी तामलुक से तृणमूल सांसद थे। 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले शुभेंदु ने भाजपा में शामिल गए। जबकि, भारती घोष के नाम के आगे एसपी (पुलिस अधीक्षक) लिखा है। भारती पश्चिम मेदिनीपुर और झाड़ग्राम के पुलिस अधीक्षक रही है। बाद में, वह भाजपा में भी शामिल हो गईं। ममता बाला के नाम के आगे भी एमपी लिखा हुआ है। वह बनगांव से सांसद थी और अभी भी राज्यसभा से सांसद हैं। उनके नाम के पास 20 नौकरी प्रार्थियों के नाम है।

## भारत के 119 निर्वासितों को लेकर आज अमृतसर पहुंच सकता है अमेरिकी विमान

**चंडीगढ़ :** भारत के 119 अवैध प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी विमान आज अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंच सकता है। पिछले महीने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से भारत निर्वासित किए जाने वाले व्यक्तियों का यह दूसरा समूह होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विमान के शनिवार रात करीब 10 बजे हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 119 अवैध भारतीय प्रवासियों में पंजाब के 67, हरियाणा के 33, गुजरात के आठ, उत्तर प्रदेश के तीन, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान के दो-दो और हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर का एक-एक व्यक्ति शामिल है। निर्वासित लोगों को लेकर एक अन्य अमेरिकी विमान भी 16 फरवरी को पहुंचने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा था, जिनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से तथा 30 पंजाब से थे।

## महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंची



**महाकुंभ नगर (उप्र) :** प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में गंगा और त्रिवेणी संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मेला प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक अकेले शुक्रवार के दिन शाम छह बजे तक 92.84 लाख लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया और अभी तक कुल 50.20 करोड़ से अधिक लोग डुबकी लगा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "भारत की आध्यात्मिकता, एकात्मता, समता और समरसता के जीवंत प्रतीक महाकुंभ 2025, प्रयागराज में अब तक पावन त्रिवेणी में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा, भारत की कुल जनसंख्या में 110 करोड़ नागरिक सनातन धर्मावलंबी हैं और उसमें से 50 करोड़ से अधिक नागरिकों द्वारा संगम में पवित्र स्नान उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति महान सनातन के प्रति दृढ़ होती आस्था का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा, "वास्तविक अर्थों में भारत की लोक आस्था का यह अमृतकाल है। एकता और आस्था के इस 'महायज्ञ' में पवित्र स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त करने वाले सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन!" उन्होंने कहा, मानवता के इस महोत्सव के सकुशल आयोजन में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई! भगवान तीर्थराज प्रयाग सभी की मनोकामना पूर्ण करें। " सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में 45-50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई थी और मेला संपन्न होने में अभी 12 जिन शेष हैं और मुख्यमंत्री का यह अनुमान 12 दिन पहले ही पूरी हो गई। इसमें कहा गया कि ऐसे में अब अनुमान है कि 26 फरवरी को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि तक यह संख्या 55-60 करोड़ पहुंच सकती है।

CALCUTTA ELECTRIC DEALERS ASSOCIATION
ESTD -1986
presents
Electra 2025
AN ELECTRICAL & ELECTRONICS TRADE FAIR
Wide Range Products on Display
13 14 15 February
Leading Brands Participating
Thursday to Saturday • 11 am to 7 pm
at CUTCHI JAIN BHAWAN 59, EZRA STREET, KOLKATA-1
A MEGA TRADE FAIR
LED lights and fittings, Wires and cables, Industrial automation
Earthing equipment's, Panel accessories, Industrial components
Switch gears, Banking sector, building sector all under in one roof
For your daily needs of ELECTRICAL AND ELECTRONIC GOODS
GOLD SPONSOR LITES
SILVER SPONSOR TRUE POWER LTD.
RADIO PARTNER 91.9 friends fm
Alok Kr. Singh, President
Anil Kr. Singh, Vice President
Abhishek Verma, Hony. Secretary
Manoj Kr. Gupta, Treasurer
Satya Prakash Shaw, Chairman, Trade Fiar Committee

## लोगों को मुफ्तखोर बनाने पर कोर्ट नाराज

देश में विभिन्न चुनावों से पूर्व लगातार मुफ्त की योजनाओं के ऐलान पर कठोर टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीति-नियंताओं से सवाल किया है कि कहीं हम परजीवियों का एक वर्ग तो नहीं बना रहे हैं? अदालत की चिंता की हकीकत पर मोहर लगाते हुए बुधवार को सी.आई.आई.साऊथ ग्लोबल लिंकेज समिट में लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यम ने कहा कि सरकारी मुफ्त स्कीमों के कारण निर्माण उद्योग में मजदूरों की कमी हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेल्फेयर स्कीमों से आराम की उपलब्धता के कारण निर्माण से जुड़े श्रमिक काम करने से कतरा रहे हैं। यह भी कि दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग काम की तलाश में पलायन कर रहे हैं, लेकिन भारत में लोग काम के लिये दूसरे शहरों में जाने के लिये तैयार नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की चिंता इसलिए भी वाजिब है कि देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, विभिन्न वर्गों को नगदी हस्तांतरण, बिजली-पानी की मुफ्त योजन-ाओं के कारण कई राज्यों की सरकारों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी विकासशील देश के लिये यह उत्साहजनक स्थिति नहीं है। यह भी हकीकत है कि जब किसी व्यक्ति को सुविधाएं आसानी से और मुफ्त मिलने लगें तो वह आलसी हो जाता है। साथ ही विकास की मुख्यधारा से भी कट जाता है। दरअसल, कल्याणकारी योजनाओं का मकसद नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना होता है। लेकिन यदि लोग काहिली की राह चुनने लगें तो यह देश हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। एक आदर्श स्थिति तो यह होनी चाहिए कि सरकार अपने नागरिकों के लिये ऐसा कार्यशील वातावरण बनाये, जिससे देश के आर्थिक विकास में उनकी भूमिका सुनिश्चित हो। लेकिन दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में वोट पाने का शॉर्टकट मुफ्त की रेवड़ियां बांटना हो गया है। वहीं गरीबी उन्मूलन एक सुविधाजनक राजनीतिक हथियार बना है। जिसके चलते चुनाव से पहले मुफ्त की घोषणाएं राजनीतिक फैशन बन गया है।

निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की वह टिप्पणी तार्किक है कि वोट के लालच में राजनीतिक दल परजीवियों का एक वर्ग तैयार कर रहे हैं। काम के बदले अनाज व अन्य सुविधाएं देना तो तार्किक है, लेकिन मुफ्त का राशन व नकदी देना उचित नहीं है। कोरोना संकट में रोजगार के साधन सिमटने की वजह से मुफ्त अनाज समय की जरूरत थी, लेकिन इस योजना को लगातार नहीं चलाया जाना चाहिए। आखिरकार मुफ्त योजनाओं का बोझ आयकरदाताओं पर ही पड़ता है। जरूरतमंद लोगों में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें राष्ट्र के लिये योगदान हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। देश की अदालत बार-बार राजनेताओं से ऐसी घोषणाओं से परहेज करने को कहती रही है, लेकिन राजनीतिक दलों पर इसका कोई असर नजर नहीं आता। देश में मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाना बेरोजगारों के हित में एक सकारात्मक कदम था। लेकिन मुफ्त में राशन व नगदी देना लोगों को अकर्मण्य बनाने जैसा ही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि मनरेगा में लगातार कम होता पंजीकरण मुफ्त की योजनाओं का ही नकारात्मक प्रभाव हो। सरकारों को चाहिए कि रोजगार के नये-नये अवसर सृजित करें। मुफ्त देने के बजाय लोगों को स्वावलंबी और स्वाभिमानी बनाये। देश की तरक्की और विकास की दृष्टि से मुफ्त की योजनाएं घातक ही कही जा सकती हैं। जाहिर बात है कि यदि घर बैठे सब-कुछ आराम से मिलने लगेगा तो श्रमिक काम की तलाश में घर से क्यों निकलेंगे। निस्संदेह, मुफ्त की योजनाएं देश के विकास के लिये एक प्रतिगामी कदम ही है। यह भारतीय लोकतंत्र के हित में भी नहीं है कि मतदाता लेन-देन के आधार पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने लगें। कालांतर वे इसे अपना अधिकार समझने लगेंगे। फिर उनकी आकांक्षाएं भी बढ़ने लगेंगी। फिर वे योग्य जनप्रतिनिधि का चयन करने के बजाय तात्कालिक आर्थिक लाभ को प्राथमिकता देने लगेंगे। निश्चित रूप से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह शुभ संकेत नहीं है। दुनिया में इससे भारतीय लोकतंत्र की अच्छी छवि कदापि नहीं बनेगी। नीति-नियंताओं को ऐसी रोजगार बढ़ाने वाली योजनाओं को प्रश्रय देना होगा जो नागरिकों को स्वावलंबी, स्वाभिमानी और कर्मशील बनायें।

# मुफ्त की रेवड़ियां: परजीवियों का तैयार होता एक वर्ग



प्रमोद भार्गव

जीव-विज्ञान की भाषा में परजीवी ऐसे जी-वाणु या कीटाणु होते हैं, जो किसी दूसरे जीव के अंदर रहकर उससे भोजन प्राप्त करते हैं। देश की सबसे बड़ी अदालत ने सरकार की मुफ्त रेवड़ियों पर आश्रित ऐसे ही लोगों और सरकार पर कटाक्षपूर्ण टिप्पणी की है। अदालत ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा नगद धनराशि एवं निशुल्क सुविधाएं देने के वादों पर कहा है कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्य धारा में लाने की बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे? ये लोग मुफ्त राशन और धन मिलने से काम करने को तैयार नहीं है। अदालत ने यह टिप्पणी शहरी इलाकों में बेघर लोगों के आश्रय के अधिकार से जुड़ी मांग पर सुनवाई के दौरान की है। अदालत की इस चिंता को राष्ट्रीय हित के परिप्रेक्ष्य में वाजिब कहा जा सकता है। क्योंकि मुफ्त राशन और धन मिलने से लोग आलसी और निकम्मे तो हो ही रहे हैं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार 81 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को मुफ्त राशन तो दे ही रही है, राज्य सरकारें चुनाव के ठीक पहले लाडली बहनाओं को प्रतिमाह 1250 से लेकर 3000 रुपए तक नगदी का लालच देकर मतदाता को लुभा रहे हैं। नतीजतन मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग मुफ्त की रेवड़ियों के लालच में मतदान करने लगा है। यह स्थिति संवैधानिक लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

निर्वाचन लोक-पर्व के अवसर पर मुफ्त में तोहफे बांटे जाने की घोषणाएं सभी राजनीतिक दल बढ़ चढ़कर करते रहे हैं। हालांकि निर्वाचन के बाद ज्यादातर वादे फरेब साबित होते हैं। बावजूद मतदाता को इस प्रलोभन में लुभाकर राजनीतिक दल और प्रत्याशी अपना स्वार्थ साधने में सफल हो जाते हैं। परंतु अब सर्वोच्च न्यायालय ने इन चुनावी रेवड़ियां बांटे जाने पर गंभीर चिंता जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुफ्त के इन उपहारों पर लगातार चिंता जताते रहे हैं। परंतु भाजपा भी चुनावों में रेवड़ियां बांटने के वादों से पीछे नहीं रही। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भाजपा की जीत के कारणों में इन वादों की भी अहम् भूमिका रही है। भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अष्विनी उपाध्याय ने भी मुफ्त के वादों पर रोक के लिए न्यायालय में याचिकाएं लगाई हुई हैं। उन्होंने ऐसे दलों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इन वादों पर रोक इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन लोक-लुभाव वादों के दो तरह के प्रभाव देखने में आते हैं। एक तो ये मतदाताओं के निष्पक्ष निर्णय को प्रभावित करते हैं और दूसरे, इन्हें पूरा करने के लिए अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब चुनाव नीतियों और कार्यक्रम की बजाय प्रलोभनों का फंडा उछालकर लड़े जाने लगे हैं। राजनेताओं की दानवीर कर्ण की यह भूमिका स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ों में मट्ठा घोलने का काम कर रही है। अपना उल्लू सीधा करने के लिए मतदाता को बरगलाना आदर्श चुनाव संहिता को ठेंगा दिखाने जैसा है। सही मायनों में वादों की घूस से निर्वाचन प्रक्रिया प्रदूषित होती है, इसलिए इस घूसखोरी को आदर्श आचार संहिता के दायरे में लाना जरूरी है। वैसे भी इन वादों की हकीकत जमीन पर उतरी होती तो पंजाब में 7000 किसानों ने आत्महत्या न की होती? क्योंकि पंजाब में किसान कल्याण के सबसे ज्यादा वादे अकाली दल ने सरकार में रहते हुए किए थे। अफलातूनी वादों के उलट हकीकत में अब ज्यादा जरूरत शासन-प्रशासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की है। यह वादा ज्यादातर राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्र से हमेशा गायब रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी एक समय जरूर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने की राह पर चली थी, लेकिन अपने तीसरे कार्यकाल में शराब नीति में घोटाले और शीशमहल जैसे राजसी वैभव में डूब गई। आप ने बिजली दरें 50 फीसदी कम करने और हर परिवार को रोजाना 700 लीटर पानी मुफ्त मुहैया कराने के बुनियादी वादों के साथ चुनाव लड़ा और जीता भी, लेकिन सरकार की अर्थव्यवस्था चैपट हो गई। 2025 के विधानसभा चुनाव में आर्थिक स्थिति की बद्हाली और भ्रष्टाचार अरविंद केजरीवाल की हार के प्रमुख कारण बने।

देश में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने निर्धन परिवारों को मुफ्त में एक बत्ती कनेक्षन देने के वादे के साथ यह शुरूआत आठवें दशक में की थी। तमिलनाडू की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता ने तो चुनावी वादों का इतना बड़ा पिटारा खोल दिया था कि यह मामला जनहित याचिका के जरिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। इस याचिका में अन्नाद्रमुक की चुनावी घोशणा को भ्रष्ट आचरण मानते हुए असंवैधानिक ठहराने की मांग की गयी थी, लेकिन न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। उस समय न्यायालय ने दलील दी थी कि घोषणा-पत्रों में दर्ज प्रलोभनों को भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता है। चुनाव का नियमन जनप्रतिनिधित्व कानून के जरिए होता है और उसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत इसे गैरकानूनी या भ्रष्ट कदाचरण ठहराया जा सके। न्यायालय ने लाचारगी प्रगट करते हुए कहा था कि इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा इस मसले पर विचार कर कारगर निर्णय लेने का कोई कदम विधायिका ही उठा सकती है। अलबत्ता अदालत ने निर्वाचन आयोग को जरुर निर्देश दिया था कि वह चुनावी घोषणा-पत्रों को मर्यादित करने की दृष्टि से अतिवादी व लोक-लुभावन घोषणाओं को रेखांकित करे, जिससे आदर्श चुनाव संहिता का पालन हो सके।

इस परिप्रेक्ष्य में दुविधा यह है कि राजनीतिक दलों पर आयोग का अनुशासनात्मक नियंत्रण निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद होता है, जबकि ज्यादातर घोशणा-पत्र इस अधिसूचना के पहले जारी हो जाते हैं और कई वादे तो नेता चुनावी आमसभाओं में आचार संहिता का मखौल उड़ाते हुए भी कर डालते हैं। यहां तक कि अल्पसंख्यक मुस्लिम और सवर्ण ब्राह्मणों तक को आरक्षण देने का वादे किए जाते रहे हैं। तिस पर भी विडंबना है कि आदर्श निर्वाचन संहिता के तहत न तो कोई दंडात्मक कानून है और न ही इसकी संहिताओं में वैध-अवैध की अवधारणाएं परिभाशित हैं। आयोग यदि संहिता को लागू कर पाता है तो इसलिए कि राजनीतिक दल उसका सहयोग करते हैं और जनमत की भावना आयोग के पक्ष में होती है। तय है दल यदि आयोग के साथ असहयोग करने लग जाएं तो आयोग हाथ पर हाथ धरे बैठा रह जाएगा। वैसे भी आयोग की जवाबदेही स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की है, न कि दलों के चुनावी मुद्दे तय करने की? बावजूद आयोग मामले संज्ञान में लेता है और उम्मीदवार को चेतावनी भी देता रहता है। लेकिन उम्मीदवार जानते हैं कि उनकी उम्मीदवारी को तत्काल खारिज करने का कोई अधिकार आयोग के पास नहीं है, इसलिए वे बेपरवाह रहते हैं।

इन विरोधाभासी हालातों से शीर्ष न्यायालय परिचित है। इसलिए वह मुफ्त की घोषणा पर टिप्पणी कर शांत रह जाती है। दरअसल ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श कर कानून बनाने का अधिकार विधायिका को ही है। यहां विडंबना है कि विधायिका और दल अंततः एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। प्रलोभन के जिन वादों के मार्फत मतदाता को बरगलाकर दल सत्ता के अधिकारी हुए हैं, उन वादों को घोशणा-पत्र में नहीं रखने का कानून बनाकर अपने ही हाथों से, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने की गलती क्यों करेंगे?

यहां सवाल यह भी उठता है कि दल जो घोशणाएं करते हैं उनका लाभ वर्ग-भेद के बिना जरूरतमंदों को मिलता है। फिर चाहे वह छात्रवृत्ति हो, लैपटॉप हो, साइकिल हो अथवा टीवी ? मुफ्त बिजली हो, लाडली बहनों को नगद धनराशि हों या सस्ता राशन, इसमें कोई जातीय या वर्गीय भेद नहीं किया जाता। बीपीएल की सूची में आने वाले सभी जरूरतमंद के हकदार होते हैं। ऐसी स्थिति में मुफ्त उपहारों को विभाजित करना एक जटिल प्रक्रिया है। हां, जातीय अथवा अल्पसंख्यक के आधार पर आरक्षण की घोषणा की जाती है तो इस स्थिति को जातीय अथवा सांप्रदायिक भेद की स्थिति माना जा सकता है? 81 करोड़ लोगों को सस्ता अनाज देने की सुविधा को भरे पेट वाले गुलछर्रे उड़ा रहे लोग सरकारी धन का दुरुपयोग मानते हैं। जबकि एक कल्याणकारी राज्य के वंचित तबके के लिए ये सुविधाएं अनिवार्य जरूरत भी हैं। ऐसे में इन्हें एकाएक घूस या लालच नहीं कहा जा सकता? अलबत्ता यह तथ्य जरूर सही है कि प्रलोभन मतदाता की नीयत को प्रभावित करता है और वह व्यापक सामाजिक हित की बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को विवश हो जाता है। जाहिर है, यह एक गंभीर मसला है और न्यायालय इस मुद्दे पर आगे बढ़ रही है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि कोई ऐसा हल जरूर निकले, जो सर्वमान्य होने के साथ लोक कल्याणकारी भी साबित होगा।

-लेखक, पत्रकार

# नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर



प्रियंका सौरभ

छात्रों की भलाई और औपचारिक शिक्षा में कोचिंग सेंटरों का प्रभाव कम हो गया है। छात्र अपनी अकादमिक पढ़ाई से पहले कोचिंग सत्रों को प्राथमिकता देते हैं, जिससे व्यापक शिक्षा प्रदान करने में स्कूलों की भूमिका कम हो जाती है। उदाहरण के लिए, बहुत से छात्र केवल उपस्थिति आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्कूल जाते हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केवल ट्यूशन सुविधाओं का उपयोग करते हैं। कोचिंग सेंटर में लंबे समय तक पढ़कर कड़ी प्रतिस्पर्धा करने वाले छात्र तनाव, चिंता और बर्नआउट का अनुभव करते हैं। कोटा के छात्रों की आत्महत्या की रिपोर्ट कोचिंग सेंटर के माहौल से होने वाले गंभीर मनोवैज्ञानिक नुक़सान को दर्शाती है। कोचिंग सेंटर अकादमिक फोकस और तैयारी की रणनीतियों पर हावी हैं, जिससे छात्रों की अपनी शिक्षा में रुचि ख़त्म हो जाती है। कोचिंग सेशन में भाग लेने के लिए, कई सीबीएसई स्कूलों में छात्र महत्त्व-पूर्ण शैक्षणिक वर्षों के दौरान नियमित कक्षाएँ छोड़ देते हैं। उच्च कोचिंग लागत आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च-गुणवत्ता की तैयारी तक पहुँचने से रोककर शैक्षिक अवसरों में अंतर को और बढ़ा देती है। प्रीमियम जेईई तैयारी कार्यक्रमों की लागत लाखों तक है, जो उन लोगों को अलग करती है जो कोचिंग का ख़र्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते हैं।

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर ज़ोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रक़म ख़र्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परी-क्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं। राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर ज़ोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्ष-ाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि सफलता सुनिश्चित है।

इसका सामान्य रूप से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है। कोचिंग सेंटरों द्वारा पाठ्यक्रम से अधिक प्रतियोगी परी-क्षाओं की तैयारी पर ज़ोर दिए जाने के परिणामस्वरूप छात्र अपनी नियमित शैक्षणिक पढ़ाई की उपेक्षा करते हैं। कक्षा 11 और 12 के दौरान, छात्र पूरे दिन के जेईई या नीट कोचिंग सत्र में भाग लेने के लिए अक्सर स्कूल छोड़ देते हैं। औपचारिक शिक्षा की वैधता कम हो जाती है क्योंकि छात्र अपना ध्यान कोचिंग सेंटरों की ओर मोड़ते हैं, जिससे शिक्षक की प्रेरणा कम हो जाती है। छात्र केवल कोचिंग सामग्री का उपयोग करते हैं और शहरी क्षेत्रों के स्कूल कक्षा में कम भागीदारी की रिपोर्ट करते हैं। परीक्षाओं में सफल होने के लिए रटने को प्रोत्साहित करके, कोचिंग सेंटर स्कूलों में सिखाई जाने वाली आलोचनात्मक सोच और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग कौशल को कमज़ोर कर देते हैं। प्रवेश परीक्षा अध्ययन मार्गदर्शिकाएँ अक्सर वैचारिक विश्लेषण की तुलना में नियमित समस्याओं को हल करने पर अधिक ज़ोर देती हैं। खेल, कला और पाठ्येतर गतिविधियाँ प्रभावित होती हैं क्योंकि छात्र कोचिंग कक्षाओं में बहुत अधिक समय व्यतीत करते हैं। छात्र अक्सर इंजीनियरिंग या मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करते समय स्कूल द्वारा प्रायोजित एथलेटिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से चूक जाते हैं। परीक्षा-केंद्रित संसाधनों तक पहुँच उच्च कोचिंग लागतों द्वारा सीमित है, जिसके परिणामस्वरूप एक दोहरी प्रणाली है जहाँ केवल गरीब ही मुख्यधारा की शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। सरकारी स्कूली बच्चे अल्प शैक्षिक संसाधनों पर निर्भर हैं, जबकि अमीर छात्र प्रतिष्ठित संस्थानों में जाते हैं।

स्कूलों में पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए, निजी कोचिंग सुविधाओं पर निर्भरता कम करने के लिए स्कूलों में कोचिंग सत्र और उन्नत शिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। ऑनलाइन संसाधनों को प्रोत्साहित करें जो परीक्षण लेने की लागत और आय के बीच के अंतर को कम करने के लिए अधिक किफायती कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हैं। सभी छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नपटल और दीक्षा जैसे प्लेटफ़ॉर्म द्वारा दिए जाने वाले मुफ़्त संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। विशेष कोचिंग की आवश्यकता को कम करने के लिए ज्ञान-भारी परीक्ष-ाओं की तुलना में योग्यता-आधारित आकलन को प्राथमिकता दें। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जाम विषय-वस्तु के ज्ञान की तुलना में योग्यता और आलोचनात्मक सोच को प्राथमिकता देता है। स्कूल के शिक्षकों को उन्नत निर्देश और सलाह देने के लिए आवश्यक संसाधन देने के लिए शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों पर पैसा ख़र्च करें। देश भर के शिक्षकों के पेशेवर कौशल को बढ़ाना निष्ठा जैसे सरकारी कार्यक्रमों का लक्ष्य है। ऐसे दिशा-निर्देश बनाएँ जो एक अच्छी तरह से पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा देने की रणनीतियों के साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और एथलेटिक निर्देश को जोड़ता हो। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) अंतःविषय शिक्षा को बढ़ावा देती है और उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से जुड़े तनाव को कम करती है।

कौशल-आधारित पाठ्यक्रम, व्यक्तिगत शिक्षण और नवीन शिक्षण तकनीकों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा को बढ़ाकर कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता को कम किया जा सकता है। मज़बूत कानून, उचित मूल्य, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और छात्रों की भलाई को बढ़ावा देने से निष्पक्ष, व्यापक शिक्षण वातावरण की गारंटी होगी। नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। भविष्य समानांतर शैक्षिक प्रणालियों में नहीं है, बल्कि अंतराल को बंद करने में है।

-रिसर्च स्कॉलर इन पोलिटिकल साइंस, कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### भारत, अमेरिका ने अंतरिक्ष अन्वेषण में अधिक सहयोग का आह्वान किया

**वाशिंगटन :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन सहित अंतरिक्ष अन्वेषण में सहयोग बढ़ाने का आह्वान करते हुए 2025 को 'अमेरिका-भारत असैन्य अंतरिक्ष सहयोग के लिए अग्रणी वर्ष' बताया। 'इंडस इन्नोवेशन ब्रिज' की शुरुआत करते हुए दोनों नेताओं ने बृहस्पतिवार (शुक्रवार भारतीय समयानुसार) को व्यापक चर्चा की, जिसमें रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चा के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, मोदी और ट्रंप ने ''अंतरिक्ष अन्वेषण में और अधिक सहयोग का आह्वान किया, जिसमें लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, अंतरिक्ष उड़ान सुरक्षा और संबंधित उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता और पेशेवर आदान-प्रदान को साझा करना शामिल है।'

### मैं पुतिन से तभी मुलाकात करूंगा, जब ट्रंप के साथ साझा योजना पर बातचीत हो जाएगी : जेलेंस्की

**म्यूनिख :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए तभी सहमत होंगे, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ साझा योजना पर बातचीत हो जाएगी। जेलेंस्की ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने में ट्रंप की अहम भूमिका हो सकती है। जेलेंस्की बाद में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं। विभिन्न पर्यवेक्षकों, विशेष रूप से यूरोपीय पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वेंस इस सप्ताह ट्रंप और पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद वार्ता के माध्यम से यूक्रेन युद्ध के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के विचारों पर कुछ प्रकाश डालेंगे।

### अमेरिका और बाइडन प्रशासन ने कभी भी यूक्रेन को नाटो सदस्य के तौर पर नहीं देखा : जेलेंस्की

**म्यूनिख :** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और बाइडन प्रशासन ने कभी भी उनके देश को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के एक सदस्य के तौर पर नहीं देखा। जेलेंस्की ने शुक्रवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में यह बात कही। वह बाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस से मुलाकात कर सकते हैं। विभिन्न पर्यवेक्षकों विशेष रूप से यूरोपीय पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि वेंस इस सप्ताह ट्रंप और रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद बातचीत के माध्यम से युद्ध के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विचारों पर कुछ प्रकाश डालेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 फरवरी, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष तृतीया, 23:55 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 25:36 तक, योग : सुकर्माण, 07:30 तक, सूर्योदयः 6:09, सूर्यास्तः 17:33, चन्द्रोदय : 19:59, चन्द्रास्तः 07:40, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 09:01 से 10:26

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। कारोबार में कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। ऑफिस के काम में विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को लाभ होगा और आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं और आपको कारोबार में भी मनचाहा लाभ हासिल होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए दिन काफी रचनात्मक है। आप किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में पूरा दिन बिता देंगे और आपको लाभ होगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के लिए दिन सफलता से भरा होगा और आपको मनचाही तरक्की हासिल होगी। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन करियर के मामले में व्यस्त रहने वाला है। आपको धन के मामले में काफी सोचकर फैसला लेने की सलाह है। धन का निवेश करने से पहले सोचसमझ लें।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर और कारोबार के मामले में विशेष सावधानी बरतने की सलाह है। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी रखें, वरना आपको नुकसान हो सकता है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक है। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः प्रयत्नशील रहें।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन करियर में सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको लाभ होगा। आपका दिन सम्मान से भरा होगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा और आप काफी बड़ी मात्रा में पैसा कमाएंगे। रोजमर्रा के घरेलू काम को निपटाने का सुनहरा मौका है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। आपको आर्थिक मामलों में फैसला लेने से पहले सोचने की सलाह है। खानपान में लापरवाही न बरतें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों के लिए दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से लाभ होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3005

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| ■ | | ■ | 7 | 8 | | | ■ | | ■ |
| 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | | | 12 |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | | ■ | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | ■ | 16 | | 17 | |
| | ■ | ■ | 18 | 19 | 20 | | ■ | | ■ |
| 21 | | 22 | ■ | 23 | | ■ | 24 | | 25 |
| ■ | ■ | 26 | | | ■ | 27 | | ■ | |
| 28 | | | ■ | 29 | | | ■ | 30 | |

**बायें से दायें:-** 1) चुग़लख़ोरी; लगाई बुझाई; विश्वासघात, 4) असामान्य; अपरिचित; अज्ञात, 7) पैरोकारी; *रिकमंडेशन*, 9) मानसिक टेस, 11) व्यायाम; *ड्रिल*, 13) खुरदुरा; दरदराया, 15) एकाग्रता, 16) भुगतान अक्षम; कंगाल, 18) निरंकुश; वशातीत, 21) मनौती, 23) पितामह, 24) मौलिक; नकली नहीं, 26) अनुपयोगी; अयोग्य; निरर्थक, 27) अमूर्त स्थान; आयामहीन; रहित, 28) असामान्य; दुर्लभ, 29) पारसी पुरोहित; प्रथा, 30) सिर भुजा चरणहीन शरीर; वृक्ष का तना.

**ऊपर से नीचे:-** 2) उपभोक्ता; *कस्टमर*, 3) ईर्ष्या; वैमनस्य, 4) तथ्य; धन, 5) जनकसुता, 6) रोगग्रस्त, 8) मीठा, 10) अर्थात, 12) पुत्री, 14) अनार, 15) भगवान बुद्ध, 17) परिधान, 19) चंपत; गायब, 20) स्त्रीलिंगीय, 22) घुड़साल, 24) कोई और, 25) आलसी; चिप-चिपा, 27) योद्धा; पराक्रमी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | द | ला | ल | ■ | मु | ख्य |
| ■ | त | ■ | ना | गा | ■ | गा | ग | र | ■ |
| प्र | ति | का | र | ■ | ची | ता | ■ | दा | स |
| वा | ■ | म | ■ | अ | खा | र | ना | ■ | ज |
| द | म | ■ | क | ल्प | ना | ■ | दा | म | न |
| ■ | दा | खि | ला | ■ | ■ | अ | न | ल | ■ |
| पा | री | ■ | का | र | ग | र | ■ | बा | ढ़ |
| ल | ■ | जा | र | ■ | त | ब | ला | ■ | ला |
| क | प | ड़ा | ■ | शं | का | ■ | वा | ह | न |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2965

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | 6 | | |
| 2 | | 9 | | | | | | |
| | | | 8 | 4 | | | | |
| | | | | 2 | 1 | | | |
| | 4 | | | | | 8 | | |
| 7 | | | | | | 3 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | | | | | | 1 | 9 |
| | 3 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2964 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 5 | 7 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 |

# वृद्धा को हथियार दिखाकर सेंट्रल एवेन्यू में दुस्साहसिक डकैती

❑ **वारदात से फिर उठने लगे बुजुर्गों की सुरक्षा पर सवाल**

**कोलकाता :** एक लम्बे अरसे के बाद मध्य कोलकाता के सेंट्रल एवेन्यू इलाके में दुस्साहसिक डकैती की वारदात से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त घटना बड़तल्ला थाना इलाके के बड़ा बाजार संलग्न सेंट्रल एवेन्यू के भास्कर अवासन के 326/ए नंबर मकान में घटी। घटना काफी समय के बाद भी पुलिस इस मामले में खाली हाथ ही रही। पुलिस के अनुसार गुरुवार रात हथियारों से लैस कई अज्ञात बदमाशों ने मधुमिता मित्रा (68) के घर से 15 हजार रुपये नकद और भारी मात्रा में गहने लूट लिए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मधुमिता मित्रा उक्त



मकान में अकेले ही रहती है। वृद्धा की देखभाल एक केयरटेकर और एक नौकरानी करती है। लेकिन वारदात जिस नाटकीय अंदाज में हुआ वह संदेह के घेरे में है और माना जा रहा है कि उक्त वारदात में वृद्धा को जानने वाले किसी का हाथ हो सकता है। मधुमिता मित्रा कई दिनों पहले अपनी बेटी को हवाई अड्डे छोड़ने के दौरान वह गिर गईं, जिससे उनकी जांघ की हड्डी टूट गई और वह बिस्तर पर ही हैं। पुलिस ने आज बताया कि, गुरुवार की रात करीब 11:30 बजे केयरटेकर ने घर की घंटी बजाई। तीसरी मंजिल पर मौजूद नौकरानी ने रिमोट कंट्रोल से गेट खोल दिया। केयरटेकर पानी लेने के लिए घर के अंदर आया था, तभी एक बदमाश धारदार हथियार लेकर भीतर घुस गया और बुजुर्ग महिला को डराकर लूटपाट कर फरार हो गया। वैसे इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस जांच कर रही है कि बदमाश को यह कैसे पता चला कि गेट कब खुलेगा? क्या घटना में केयरटेकर और नौकरानी की कोई भूमिका है? पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर रही है।अधिकारियों ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। इस घटना के बाद कोलकाता में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं यह भी सवाल उठ रहा है कि, उक्त अवासन में 25 साल से सुरक्षा गार्ड है और वह कैसे बदमाशों के चक्कर में आ गया। पुलिस केयरटेकर और नौकरानी से पूछताछ कर रही है। वे पुलिस की जांच के दायरे में हैं। लालबाजार डकैती निरोधक शाखा और बड़तल्ला थाने की पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है। इस क्षेत्र में कई सीसीटीवी लगे हैं। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## एनएचआरसी ने केएलसी में जहरीली गैसों के कारण तीन निर्माण श्रमिकों की मौत का लिया स्वत: संज्ञान

**नई दिल्ली/कोलकाता**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि गत 2 फरवरी को कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स (केएलसी) में सीवर जॉइंट की मरम्मत के लिए 10 फुट गहरे मैनहोल में प्रवेश करते समय जहरीली गैसों के कारण डूबने से तीन निर्माण श्रमिकों की मौत हो गई। गत 3 फरवरी को प्रसारित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (केएमडीए) के तहत एक ड्रेनेज नेटवर्क के एक हिस्से के नवीनीकरण के लिए एक ठेकेदार द्वारा तैनात किया गया था। आयोग ने पाया है कि यदि सामग्री सत्य है, तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग लगातार पर्याप्त और उचित सुर–क्षात्मक/सुरक्षा गियर या उपकरण के बिना खतरनाक सफाई की गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की वकालत करता रहा है और काम के अनुकूल और प्रौद्योगिकी आधारित रोबोटिक मशीनों के उपयुक्त उपयोग की भी वकालत करता रहा है। आयोग ने 24 सितंबर, 2021 को केंद्र, राज्य सरकारों और स्थानीय अधिकारियों को खतरनाक सफाई में लगे व्यक्तियों के मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए एक एडवा–इजरी जारी की, जिसका उद्देश्य ऐसी प्रथा का पूर्ण उन्मूलन सुनिश्चित करना है। इसलिए, आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसमें जांच की स्थिति भी शामिल होने की उम्मीद है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 63–एसडीएसटीई–एसएन–2024–25, दिनांक 13.02.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** आसनसोल मंडल-02 वर्षों के लिए आसनसोल मंडल के तहत यूटीएस/पीआरएस एवं एफओआईएस नेटवर्क के नेटवर्किंग इक्विपमेंटों के रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 22,08,064.92, **बयाना राशि:** रु. 44,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 24 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 10.03.2025 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ASN-331/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**हावड़ा मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी**

**ई-नीलामी सूचना सं. सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/स्टेशन ब्यूटिफिकेशन/24, दिनांक 14.02.2025;** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के निकट, पिन-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है : **कार्य का नाम:** वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों की संविदा की सुपुर्दगी। नीलामी सूचीपत्र www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। **सूचीपत्र सं. : पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-7; नीलामी आरम्भ होने की तारीख एवं समय:** 03.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.-** एए/1, **लॉट नं.:** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-यूपीए-ओएच-141-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); **विवरणः** उत्तरपाड़ा, डानकुनी, चंदननगर, बैण्डेल, कमरकुंडु, आरामबाग, बर्द्धमान तथा रामपुरहाट स्टेशनों में स्केच प्लान के अनुसार इस उद्देश्य के लिए चिन्हित स्थान पर 03 वर्षों की अवधि के लिए बोर्ड के एक हिस्से (50% क्षेत्र) में संबंधित शहरों के प्रसिद्ध स्थानों की छवि के साथ "I LOVE <Name of Station>" तथा दूसरे हिस्से (शेष 50% क्षेत्र) में विज्ञापन प्रदर्शित करने वाले आलोकित बोर्ड की स्थापना एवं रखरखाव द्वारा स्टेशनों का सौंदर्यीकरण।

(HWH-608/2024-25) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कृष्णानगर में लाखों रुपये का हेरोइन बनाने का कच्चा माल बरामद, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कुछ दिन पहले नदिया के सीमा क्षेत्र में भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया गया था। इस बार, भारी मात्रा में हेरोइन बनाने का कच्चा माल बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गत बुधवार की रात कृष्णानगर के कोतवाली थाने की पुलिस ने छापेमारी कर हेरोइन बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया। इस घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि गत बुधवार को कृष्णानगर के कोतवाली थाने की पुलिस को गोपनीय सूत्र से सूचना मिली। इसके बाद, कृष्णानगर में जोड़ाकुठी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग



12 पर नाका चेकिंग शुरू की गई। नाका चेकिंग के दौरान, जांचकर्ताओं को एक ट्रक देखकर संदेह हुआ। ट्रक को रोककर तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के बीच आठ ड्रम बरामद किये गये। उन्हें खोलने पर देख गया कि कुछ तरल पदार्थ ले जाया जा रहा था। जांच करने पर पता चला कि वे वास्तव में एसिटिक एनहाइड्राइड थे। बता दें कि एसिटिक एनहाइड्राइड का उपयोग वास्तव में प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन बनाने के लिए किया जाता है। इसके बाद, ट्रक को जब्त कर लिया गया, जिसमें आठ ड्रम भरे हुए थे। ट्रक में चालक और चालक दल सहित तीन लोग सवार थे। उन्हें भी हिरासत में लिया गया और पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन ले जाया गया। शुरुआत में, पता चला कि ट्रक कोलकाता से आ रहा था। उसे कृष्णानगर में कहीं ले जाया जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ड्रम से कुल 470 किलो कच्चा माल बरामद किया गया, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2.5 लाख रुपये है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्र.सं.: [01]। निविदा सं: Engg-60-2024-25। कार्य का नाम:** वर्कशॉप, एडमिन बिल्डिंग, स्टोर, ओपन पार्किंग एरिया, पी.वे, ईएलएए्यू/डीकेईई के तहत स्टाफ कॉलोनी में आवासीय स्थान, माजेरहाट रेस्ट हाउस, हावड़ा स्टोर्स और सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर जीएम कैंप में सम्पत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए दो साल के लिए व्यापक संचालन और रखरखाव अनुबन्ध। **निविदा मूल्य:** 5,13,14,708.00। **बयाना राशि जमा:** 4,06,600.00। **समापन की अवधि:** 24 (चौबीस) महीने। **समापन की तिथि:** 28 / 02 / 2025। **नोट:–** [1] पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** एवं **www.clw.indianrailways.gov.in** पर देखे जा सकते है। [2] **सम्पर्क नम्बर–9163340201।**

**PR2-802** उप मुख्य अभियन्ता / चिरेका / चित्तरंजन

"Like us on: www.facebook.com/clwrailways"

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के अधीन मंडल अभियंता, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सूचना सं. 343_2024–25 के संबंध में शुद्धिपत्र, **निविदा की अंतिम तिथि** 28.03.2025 के बदले दिनांक **28.02.2025** पढ़ी जानी चाहिए। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। HWH-607/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा-टूण्डला जंक्शन-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03063/03064** एवं **03035/03036 हावड़ा-टूण्डला जंक्शन-हावड़ा कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लिखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार चलाई जाएगी:

| 03063 एवं 03035 हावड़ा-टूण्डला जंक्शन | | | स्टेशन | 03064 एवं 03036 टूण्डला जंक्शन-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| शनिवार (03063) एवं रविवार (03035) | - | 19.35 | ↓ हावड़ा | 02.30 | - | मंगलवार (03064) एवं बुधवार (03036) |
| | 20.50 | 20.52 | बर्द्धमान | 00.02 | 00.04 | |
| | 22.20 | 22.25 | आसनसोल | 21.15 | 21.20 | सोमवार (03064) एवं मंगलवार (03036) |
| रविवार (03063) एवं सोमवार (03035) | 03.15 | 03.20 | गया | 17.00 | 17.05 | |
| | 10.10 | 10.20 | प्रयागराज जंक्शन | 10.10 | 10.20 | |
| | 19.20 | - | टूण्डला जंक्शन ↑ | - | 03.00 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में दुर्गापुर, धनबाद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी एवं इटावा जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथि/दिन: हावड़ा से - 03063:** दिनांक 15.02.2025 एवं 22.02.2025 (शनिवार) तथा **03035:** दिनांक 23.02.2025 (रविवार) = 03 ट्रिप। **टूण्डला जंक्शन से - 03064:** दिनांक 17.02.2025 एवं 24.02.2025 (सोमवार) तथा **03036 :** दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) = 03 ट्रिप। **गठन: 03063** एवं **03064 के लिए** - वातानुकूलित 2 सह वातानुकूलित 3-टीयर-02, वातानुकूलित 3-टीयर-01, शयनयान श्रेणी-09, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 04 एवं एसएलआरडी-02 = 18 कोच तथा **03035** एवं **03036 के लिए** - वातानुकूलित 2-टीयर-01, वातानुकूलित 3-टीयर-05, शयनयान श्रेणी-10, द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 03 एवं एसएलआरडी-02 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**दो ट्रेनों का पुनर्निर्धारण**

हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न शाखाओं में ट्रैक और एस एवं टी रखरखाव कार्य के लिए, दिनांक **16.02.2025 (रविवार) को** दिन के समय ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, दिनांक **16.02.2025 (रविवार) को** निम्नलिखित ट्रेनें पुनर्निर्धारित की जाएंगी: **(i) 53009 कटवा–आजिमगंज पैसेंजर** कटवा से 12.00 बजे के बदले 12.15 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(ii) 37749 बैण्डेल–कटवा लोकल** बैण्डेल से 12.15 बजे के बदले 12.45 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। **विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई भी नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

**सं. : सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लॉंग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी–III, दिनांक 12.02.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा दो वर्षों के लिए दो चरणों में हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 09 यात्रीवाही ट्रेनों में 16 अदद एसएलआर के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: (1) नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल25–2डी। **ट्रेन:** 13023 अप हावड़ा–गया एक्सप्रेस का एफएसएलआर–I, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 24.02.2025, 13.00 बजे। **(2) नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–एल25–2ई। **ट्रेन:** 08 यात्रीवाही ट्रेनों में 15 अदद एसएलआर, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 26.02.2025, 13.00 बजे। HWH-603/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### परिवार को जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

परिवार को जान से मारने की धमकी देकर एक पड़ोसी युवक पर नाबालिग से दिन–प्रतिदिन दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। यह घटना बारुइपुर में घटी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त का नाम सूर्या दास है। पुलिस ने उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार व्यक्ति को शुक्रवार को उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता बारुइपुर की निवासी है। वह नौवीं कक्षा की छात्रा है। आरोप है कि पड़ोसी युवक सूर्या दास नाबालिग और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि आरोपी ने नाबालिग पर तेजाब फेंकने की भी धमकी दी। सूर्या ने नाबालिग को डरा धमकाकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, यह भी आरोप है कि अंतरंग तस्वीरें लेने और बाद में उन्हें वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने उसका कई बार यौन शोषण भी किया। हालांकि, अंत में आरोपी सूर्या ने तस्वीर वायरल कर दी। वह तस्वीर विभिन्न स्थानों पर पहुंची और यहां तक कि पीड़ित के परिवार तक भी पहुंची। जब उन्हें मामले का पता चला तो उन्होंने नाबालिग से पूछताछ की तो उसने पूरी बात परिजनों को बता दी। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार ने गुरुवार की रात बारुइपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। नाबालिग की शिकायत के आधार पर सूर्या दास नामक युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा ने बंगाल में मंडल और जिला अध्यक्ष चुनावों को फिर से शुरू करने का दिया निर्देश

❑ **मंडल अध्यक्षों के नाम 16 फरवरी तक और जिला अध्यक्षों के नाम 25 फरवरी तक घोषित करने का आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल में पार्टी के मंडल और जिला अध्यक्ष चुनावों को फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। केंद्रीय नेतृत्व ने संगठनात्मक चुनावों में पारदर्शिता की कमी की शिकायत मिलने के बाद पहले इन चुनावों को रोक दिया था। राज्य कार्यालय में जिन मंडल अध्यक्षों के नाम आए थे, उनकी घोषणा भी रोक दी गई थी, लेकिन अब इस पर लगी रोक हटा दी गई है। पार्टी की बैठक के बाद राज्य भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल और सह–पर्यवेक्षक अमित मालवीय ने बंगाल भाजपा को निर्देश दिया कि 16 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष और 25 फरवरी तक जिला अध्यक्षों के नामों की घोषणा करनी होगी। हालांकि, अगर कहीं संगठनात्मक चुनावों को लेकर विरोध प्रदर्शन होते हैं, तो वहां नामों की घोषणा नहीं की जाएगी और इस बारे में केंद्रीय नेतृत्व को सूचित किया जाएगा। राज्य भाजपा कमेटी ने हर मंडल के लिए तीन नामों में से एक नाम फाइनल किया है और मंडल अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे, और फिर राज्य अध्यक्ष का नाम घोषित किया जाएगा। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष पद के लिए कई नामों की चर्चा चल रही है, लेकिन पार्टी के अंदर गुटबाजी के कारण नए राज्य अध्यक्ष के चयन में सर्वसम्मति से चुनाव की संभावना कम बताई जा रही है।

## जोका ईएसआई अस्पताल परिसर में बैग में मिला मांस का टुकड़ा, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के जोका ईएसआई अस्पताल परिसर में एक बैग के अंदर मांस का टुकड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मांस मानव अंग है या किसी जानवर का, इसे लेकर रहस्य गहरा गया है। पुलिस ने मांस का टुकड़ा बरामद कर लिया है और जांच के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को कोलकाता पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि सुबह के समय जब लोगों ने अस्पताल परिसर में एक संदिग्ध बैग देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैग खोला, तो उसमें मांस का टुकड़ा मिला। यह देखकर वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए। फिलहाल, पुलिस ने मांस के टुकड़े को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट



होगा कि यह किसी मानव का अंग है या किसी जानवर का। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता बढ़ गई है। कई लोग इसे किसी आपराधिक गतिविधि से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि यह किसी अस्पताल की लापरवाही का नतीजा भी हो सकता है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह बैग वहां कैसे पहुंचा। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की जांच जारी है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/5926871, दिनांक: 08.02.2025,** सहायक पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती है: **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 01.03.2025 को 13.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 01.03.2025 को 13.30 बजे। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **मद कैटेगरी:** संग्रह एवं निपटान अपशिष्ट प्रबंधन सेवा–बैण्डेल स्टेशन और कॉलोनी से म्यूनिसिपल डंपिंग ग्राउंड तक संग्रह करने, उठाने एवं परिवहन के साथ एक फुली रबिश ट्रक की आपूर्ति के साथ अपशिष्ट प्रबंधन सेवा के तहत मैल का संग्रह एवं निपटान। **अनुबंध की अवधि:** 2 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.8 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **अनुभव के वर्षों और टर्नओवर के लिए एमएसई को छूट प्राप्त है:** नहीं। **अनुभव के वर्षों और टर्नओवर के लिए स्टार्टअप को छूट प्राप्त है:** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 2 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 3 (एटीसी में अनुरोध किया गया), अतिरिक्त दस्तावेज 4 (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बिडर को दिखाना चाहते हैं? :** हाँ। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **बिड का प्रकार:** एकल पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु.14,13,600/– **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य–वार मूल्यांकन। **मूल्य दर्शाने वाला वित्तीय दस्तावेज ब्रेकअप आवश्यक है:** हाँ। **अर्बिट्रेशन क्लॉज:** नहीं। **मेडिएशन क्लॉज:** नहीं। **ईएमडी विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि :** रु.28,272/–, **ईपीबीजी का विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%) :** 5.00, **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने):** 30 HWH-604/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**सियालदह एवं टूण्डला तथा आसनसोल एवं टूण्डला के बीच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03105/03106 सियालदह-टूण्डला जंक्शन-सियालदह कुंभ मेला स्पेशल तथा 03505/03506 एवं 03561/03562 आसनसोल-टूण्डला जंक्शन-आसनसोल कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिन, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**सियालदह-टूण्डला जंक्शन-सियालदह कुंभ मेला स्पेशल**

| सियालदह-टूण्डला जंक्शन | | | 03105 03106 | टूण्डला जंक्शन-सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| शुक्रवार | - | 08.10 | ↓ सियालदह | 13.00 | - | रविवार |
| | 09.48 | 09.50 | बर्द्धमान | 10.16 | 10.21 | |
| | 11.22 | 11.27 | आसनसोल | 07.55 | 08.00 | |
| | 23.10 | 23.20 | प्रयागराज जंक्शन | 19.00 | 19.10 | शनिवार |
| शनिवार | 06.30 | - | टूण्डला जंक्शन ↑ | - | 11.20 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में दुर्गापुर, धनबाद, एनएससी बोस गोमो जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी-ऑन-सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, फतेहपुर, गोविंदपुरी एवं इटावा जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथि/दिन: सियालदह से 03105 :** दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) = 1 ट्रिप। **टूण्डला जंक्शन से 03106 :** दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) = 1 ट्रिप। **गठन:** वातानुकूलित 3-टीयर-16, पावर कार-2 = 18 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**आसनसोल-टूण्डला जंक्शन-आसनसोल कुंभ मेला स्पेशल**

| 03505 एवं 03561 आसनसोल-टूण्डला जंक्शन | | | स्टेशन | 03506 एवं 03562 टूण्डला जंक्शन-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिवस | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | दिवस |
| | - | 11.15 | ↓ आसनसोल | 09.50 | - | रवि (03562) गुरु (03506) |
| मंगल (03505) शुक्र (03561) | 12.41 | 12.43 | जसीडीह | 07.43 | 07.45 | |
| | 17.00 | 17.05 | पटना जंक्शन | 03.35 | 03.45 | |
| | 23.30 | 23.35 | प्रयागराज जंक्शन | 19.30 | 19.35 | |
| बुध (03505) | 04.45 | 04.47 | इटावा जंक्शन | 12.53 | 12.55 | शनि (03562) |
| शनि (03561) | 07.00 | - | टूण्डला जंक्शन ↑ | - | 11.40 | बुध (03506) |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल जंक्शन, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, फतेहपुर एवं गोविंदपुरी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथि/दिन: आसनसोल से - 03505** दिनांक 18.02.2025 (मंगलवार) एवं **03561** दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) = 1 ट्रिप प्रत्येक। **टूण्डला जंक्शन से : 03506** दिनांक 19.02.2025 (बुधवार) एवं **03562** दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) = 1 ट्रिप प्रत्येक। **गठन: 03505/03506 आसनसोल-टूण्डला जंक्शन-आसनसोल स्पेशल** : वातानुकूलित प्रथम-1, वातानुकूलित 2-टीयर-4, वातानुकूलित 3-टीयर-8, शयनयान श्रेणी-2, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, पावर कार-2 = 21 कोच। **03561/03562 आसनसोल-टूण्डला जंक्शन-आसनसोल स्पेशल** : वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-6, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस)-4, पावर कार-1, एलएसएलआरडी-1 = 21 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भांगड़ में हरिनाम संकीर्तन में माध्यमिक परीक्षार्थी से यौन उत्पीड़न, तृणमूल नेता समेत दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक माध्यमिक परीक्षार्थी से यौन उत्पीड़न का विरोध करने पर पीड़िता के परिवार के सदस्यों पर हमला करने का आरोप है। घटना को लेकर लेदर कांप्लेक्स थाना अंतर्गत भांगड़ के बामनघाटा में काफी हंगामा हुआ। पुलिस पहले ही दो आरोपी तृणमूल नेताओं को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि गत गुरुवार की रात लेदर कॉम्प्लेक्स थाना थाना अंतर्गत भांगड़ के बामनघाटा में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया था। वहां महिलाओं के लिए रस्साकशी का खेल आयोजित किया गया था। वह नाबालिग वहां थी। अचानक तृणमूल पंचायत सदस्य चिरंजीत मंडल नशे की हालत में वहां पहुंचा। कथित तौर पर, वहां उसने नाबालिग को छेड़ना शुरू किया। उसने उसे आपत्तिजनक तरीके से छुआ भी। नाबालिग के कपड़े फट गए। वह रोते हुए घर गयी और परिवार की घटना की जानकारी दी। इसके तुरंत बाद नाबालिग के परिवारवालों ने चिरंजीत मंडल के घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि विरोध करने पर चिरंजीत और उसके साथियों ने नाबालिग के घर के लोगों के साथ मारपीट की। इसके कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। मौके का फायदा उठाकर आरोपी पंचायत सदस्य वहां से फरार हो गया। पुलिस ने उसी रात उसके ठिकाने की जांच शुरू कर दी। बाद में, चिरंजीत समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एफसीआई के ठेकेदार कंपनी और पुलिस की अत्यधिक सक्रियता पर बड़ा आरोप, हाईकोर्ट में मामला



**कोलकाता, समाज्ञा :** फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) के तहत देशभर में साइलो परियोजना के लिए आधुनिक तकनीक से गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण को लेकर एक परिवार ने मुआवजे की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि इस मांग के चलते एफसीआई द्वारा काम पर रखी गई निजी ठेकेदार कंपनी ने उन्हें झूठे मामले में फंसा दिया। इसके साथ ही पुलिस की अत्यधिक सक्रियता का भी आरोप इस मामले में लगाया गया है। यह मामला मुर्शिदाबाद के बेलडांगा के सारगाछी इलाके का है, जहां इस परियोजना के तहत जमीन ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक, इस परियोजना में रेलवे लाइन को गोदाम के अंदर तक बिछाया जाएगा, ताकि खाद्य सामग्री से लदी मालगाड़ी सीधे गोदाम में प्रवेश करके अनलोड हो सके। आरोप है कि ठेकेदार कंपनी ने सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से कम पर एक परिवार की जमीन खरीदने का प्रयास किया। जब इस परिवार ने आपत्ति जताई, तो ठेकेदार कंपनी ने उन्हें प्रताड़ित किया। आरोप यह भी है कि पुलिस ने ठेकेदार कंपनी के पक्ष में काम किया। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को कोलकाता हाईकोर्ट में एक मामला दायर किया गया है, और मंगलवार को इस पर सुनवाई हो सकती है।

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्या: जीईएम/2025/बी/5934188, दिनांक: 11.02.2025,** सहायक पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती है: **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 04.03.2025 को 11.00 बजे। **बिड खुलने की तारीख/समय:** 04.03.2025 को 11.30 बजे। **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 दिन। **मद कैटेगरी:** सेवाओं के लिए कस्टम बिड–बाहरी एजेंसियों के माध्यम से ट्रैक से रैग पिकिंग एवं निर्धारित स्थान में कचरापेटी से मैल अपशिष्ट का निपटान सहित सेवड़ाफुली जं., श्रीरामपुर, कोन्नगर, रिसड़ा, एनजीटी नामित स्टेशनों एवं आसपास के क्षेत्रों की यंत्रचालित मैनुअल सफाई। **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता एवं कीटाणुशोधन सेवा–परिणाम आधारित। **अनुबंध की अवधि:** 2 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** रु.71 लाख। **उन्हीं/समान सेवाओं के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष :** 3 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है :** हाँ। **टर्नओवर के लिए एमएसई को छूट प्राप्त है:** हाँ। **टर्नओवर के लिए स्टार्टअप को छूट प्राप्त है:** हाँ। **भागीदारी सीपीएसई विक्रेता को सीमित :** हाँ (यह बिड केवल सीपीएसई विक्रेताओं द्वारा भागीदारी के लिए आरक्षित है, इसलिए सीपीएसई विक्रेताओं को ट्रान्जेक्शन शुल्क के भुगतान की छूट दी जाएगी)। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया),*यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बिडर को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ। **बिड से रिवर्स नीलामी सक्रिय किया:** नहीं। **बिड का प्रकार:** दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय :** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु.1,40,65,751.57, **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्य–वार मूल्यांकन। **अर्बिट्रेशन क्लॉज:** नहीं। **मेडिएशन क्लॉज:** नहीं। **ईएमडी विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी की राशि :** रु.2,20,330/–, **ईपीबीजी का विवरण: एडवाइजरी बैंक:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत(%) :** 5.00, **ईपीबीजी की अपेक्षित अवधि (महीने):** 30 HWH-605/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# हाईकोर्ट ने आरएसएस को बर्दवान जिले में रैली की दी सशर्त अनुमति

❑ 16 फरवरी को बर्दवान जिले में होनी है मोहन भागवत की रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य सरकार की आपत्तियों को खारिज करते हुए आरएसएस को 16 फरवरी को पूर्व बर्दवान जिले में एक रैली आयोजित करने की सशर्त अनुमति दे दी। बता दें कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। रैली के आयोजकों ने राज्य के अधिकारियों द्वारा इस आधार पर अनुमति देने से इनकार करने के बाद अदालत का रुख किया था कि



माध्यमिक परीक्षा के दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल से परीक्षार्थियों को परेशानी होगी। इस दिन, न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की पीठ ने रविवार को आयोजित रैली के लिए अनुमति दे दी, जिस दिन कोई परीक्षा निर्धारित नहीं है। हालांकि, अदालत ने कहा कि आयोजक उपस्थित भीड़ की संख्या के साथ-साथ 'साउंड बॉक्स' की आवाज की मात्रा पर भी नजर रखें और यह सुनिश्चित करें कि माध्यमिक परीक्षाओं और आगामी उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को असुविधा न हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले के तलित क्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) परिसर के अंदर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक सुबह 11 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक स्वयंसेवकों और उनके परिवार के सदस्यों को एक घंटे व पंद्रह मिनट तक संबोधित करेंगे। आरएसएस की ओर से पेश हुए केंद्र के उप महाधिवक्ता दिरज त्रिवेदी ने दलील दी कि संगठन ने पहले ही एसएआई अधिकारियों से कार्यक्रम की मेजबानी की अनुमति प्राप्त कर ली है, जो 5,000 वर्ग फुट के भूखंड पर आयोजित किया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जिला प्राधिकारियों की आपत्ति का सामना करने पर आयोजकों ने लाउडस्पीकरों के स्थान पर 'साउंड बॉक्स' लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि ध्वनि केवल कार्यक्रम के आसपास के क्षेत्र तक ही सीमित रहेगी। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपने आदेश में कहा कि हालांकि, चूंकि यह कार्यक्रम रविवार को केवल एक घंटे और पंद्रह मिनट के लिए निर्धारित किया गया है, और राज्य प्रतिवादी के निर्देश के अनुसार, निकटतम स्कूल परिसर से लगभग 500 मीटर दूर है, इसलिए अदालत याचिकाकर्ता को कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देती है बशर्ते इससे किसी भी परीक्षार्थी को कोई सुविधा न हो, जो अपनी परीक्षा की तैयारी में व्यस्त हो सकते हैं।

# पार्थ चटर्जी की शारीरिक स्थिति में सुधार, अगले दो दिनों में अस्पताल से छुट्टी की उम्मीद

### निजी अस्पताल के डॉक्टर ने अलीपुर विशेष सीबीआई अदालत को दी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्थ चटर्जी का इलाज वर्तमान में एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पार्थ चटर्जी की शारीरिक स्थिति कैसी है, इस सवाल का जवाब अब अलिपुर विशेष सीबीआई अदालत में उस निजी अस्पताल के डॉक्टर ने दिया है। डॉक्टर के अनुसार, पूर्व शिक्षा मंत्री की शारीरिक स्थिति में सुधार हुआ है और अगले दो दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। पार्थ चटर्जी को 20 जनवरी को प्रेसिडेंसी जेल में अस्वस्थ महसूस होने के बाद एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन बाद, उन्होंने अदालत में दावा



किया कि सरकारी अस्पताल में इलाज से उन्हें कोई लाभ नहीं हो रहा है। इसके बाद, अदालत ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती होने की अनुमति दी और उनके सभी मेडिकल रिपोर्ट्स की जांच के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती होने का आदेश दिया। 28 जनवरी को मुकुंदपुर के एक निजी अस्पताल में पार्थ चटर्जी को भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज लगभग दो हफ्ते से चल रहा है। प्राथमिक शिक्षा भर्ती घोटाले में सीबीआई के मामले में विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश शुभेंदु साहा ने पार्थ चटर्जी के मेडिकल रिपोर्ट की मांग की। इसके बाद, इस दिन, उस निजी अस्पताल की तरफ से अदालत में पार्थ चटर्जी का स्वास्थ्य रिपोर्ट जमा किया गया। रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया कि पार्थ चटर्जी की शारीरिक स्थिति में सुधार हुआ है और अगले दो दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है।

## स्नान कर वापस लौटते समय हादसा, 17 घायल

**मालदह :** गंगा स्नान के बाद लौटते समय सड़क हादसे में 17 लोग घायल हो गए है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसा मालदह के इंग्लिश बाजार दामोदरपुर इलाके में शुक्रवार की दोपहर को हुई है। घायलों को बरामद कर मालदह मेडिकल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, हबीबपुर इलाके से कुछ लोग गंगा स्नान के लिए राजमहल गये थे। दोपहर में वे लॉरी से घर लौट रहे थे। इंग्लिशबाजार के दामोदरपुर इलाके में एक बाइक अचानक लॉरी के सामने आ गयी। बाइक को बचाने के प्रयास में लॉरी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। स्थानीय लोगों ने घायलों को बरामद कर मालदह मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया। खबर पाकर प्रशासन के अन्य अधिकारी मेडिकल कॉलेज में पहुंचे। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है।

## सिलीगुड़ी में माध्यमिक परीक्षार्थी की अस्वाभाविक मौत से सनसनी

**सिलीगुड़ी :** सिलीगुड़ी महकमा अंतर्गत नक्सलबाड़ी के मेचबस्ती इलाके में एक माध्यमिक विद्यालय के छात्रा की मौत से सनसनी फैल गई है। मृत छात्रा का नाम अर्पिता मंडल है। नक्सलबाड़ी के खालपाड़ा इलाके की निवासी थी। वह नक्सलबाड़ी नंद प्रसाद गर्ल्स स्कूल की छात्रा थी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, अर्पिता अपनी दोस्त के घर से माध्यमिक की परीक्षा दे रही थी। गुरुवार की देर शाम जब उसकी दोस्त ने उसे आवाज लगाकर कमरे का दरवाजा खोलने को कहा तो वह कोई जवाब नहीं दी। बाद में, अर्पिता की दोस्त ने उसकी मां को बुलाकर अपने घर लाई। किसी तरह अर्पिता के कमरे में प्रवेश करने पर वह बेसुध



मिली। अर्पिता को नक्सलबाड़ी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में शोक का माहौल है। शव को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा गया है। छात्रा की मौत कैसे हुई है पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

## फर्जी दस्तावेजों पर भर्ती : बंगाल के निवासी बनकर नौकरी कर रहे पांच केंद्रीय बलों से सीबीआई ने मांगी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अर्धसैनिक बलों में भर्ती के मामले में सीबीआई ने पांच केंद्रीय बलों को पत्र भेजा है। जांच एजेंसी को पता चला है कि ये फर्जी दस्तावेज ऑनलाइन माध्यम से बारासात के प्रशासनिक भवन में भेजे गए थे। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, जिन पांच केंद्रीय बलों को पत्र भेजा गया है, वे हैं -इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और असम राइफल्स। सीबीआई का दावा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार के जिन युवकों ने इन बलों में भर्ती के लिए आवेदन किया, उन्हें एक जालसाज



गिरोह की मदद से बंगाल का निवासी दर्शाया गया। बता दें कि इस मामले में सीबीआई ने सेना के एक कर्मचारी महेश चौधरी को गिरफ्तार किया है, जिसे इस गिरोह का अहम सदस्य बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि इन पांच केंद्रीय बलों में कई जवानों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी मिली है। प्रारंभिक जांच में 30 ऐसे लोगों की पहचान हो चुकी है। सीबीआई अब उन जवानों की जांच कर रही है, जिनके स्थायी पते में बंगाल के उत्तर 24 परगना या अन्य जिलों का उल्लेख है, जबकि वे वास्तव में बिहार या उत्तर प्रदेश के निवासी हो सकते हैं। सीबीआई ने इन केंद्रीय बलों को निर्देश दिया है कि वे ऐसे सभी संदिग्ध जवानों की पहचान करें। इसके बाद, सीबीआई अधिकारी इन जवानों से पूछताछ करेंगे और उनके दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी। इसी क्रम में सीबीआई ने बारासात के एक प्रशासनिक अधिकारी से भी पूछताछ की है, जिन्होंने बताया कि उन्हें ऑनलाइन आवेदन मिले थे और उन्हें ये दस्ता-वेज फर्जी प्रतीत नहीं हुए, इसलिए उन्होंने इन पर स्वीकृति दे दी।

## सियालदह डिवीजन में विकास कार्य के लिए ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के कारण ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इन कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की योजना बनाई गई है, जिसके तहत कुछ ट्रेनों को रद्द किया जाएगा और कुछ का समय पुनः निर्धारित किया जाएगा। पहला कार्य गोबरडांगा स्टेशन पर स्थायी स्पीड प्रतिबंध हटाने के लिए किया जाएगा, जिसके तहत डाउन लाइन पर 15 फरवरी (शनिवार) रात 10:45 बजे से 16 फरवरी (रविवार) सुबह 5:45 बजे तक और अप लाइन पर 15 फरवरी 2025 रात 10:45 बजे से 16 फरवरी सुबह 8:45 बजे तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। दूसरा कार्य कृष्णनगर सिटी-लालगोला सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट 112(ई) के स्थान पर सीमित ऊंचाई वाली सबवे का निर्माण है, जिसके लिए 16 फरवरी को सुबह 10:15 बजे से लेकर 4:45 बजे तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक रहेगा। तीसरी योजना हालीशहर और नैहाटी स्टेशन के बीच डाउन सबअर्बन लाइन पर प्वाइंट नंबर 158ए/159 के बदलने के लिए है, जिसमें ट्रैफिक ब्लॉक 15 फरवरी रात 10:30 बजे से 16 फरवरी 2025 सुबह 5:30 बजे तक रहेगा। इन कार्यों के चलते 15 और 16 फरवरी को कई ट्रेनें रद्द की जाएंगी, जिनमें सियालदह-बनगांव, नैहाटी-बंडेल और सियालदह-गेंदे जैसी ट्रेनों के नाम शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन परिवर्तनों के बारे में जानकारी रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं।

## भागवत ने बंगाल में संघ की गतिविधियां बढ़ाने का निर्देश दिया

### संघ प्रमुख ने राज्य में सक्रियता बढ़ाने के लिए स्वयंसेवकों को दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने राज्य में संघ की गतिविधियां बढ़ाने का निर्देश दिया है। संघ सूत्रों के अनुसार, यहां संघ की क्षेत्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में भागवत द्वारा दिए गए निर्देशों से साफ स्पष्ट है कि आरएसएस का लक्ष्य बंगाल में अपनी पैठ को मजबूत करना है। बता दें कि भागवत बंगाल के 10 दिवसीय प्रवास पर छह फरवरी की शाम कोलकाता पहुंचे थे। यहां आने के बाद भागवत 10 फरवरी तक आरएसएस के दक्षिण बंगाल नेतृत्व व प्रचारकों के साथ बैठकों में व्यस्त रहे। बताया जा रहा है कि



क्षेत्रीय कार्यकारी समिति की बैठक में भागवत ने राज्य में सक्रियता बढ़ाने के लिए स्वयंसेवकों को कई महत्वपूर्ण दिशा- निर्देश दिए हैं। हालांकि, संघ के पदाधिकारियों ने इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से इन्कार किया है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले एक वर्ष तक विशेषकर दक्षिण बंगाल के जिलों में संघ के स्वयंसेवकों को दोगुनी शक्ति के साथ अपनी सक्रियता बढ़ाने को कहा गया है, जहां आरएसएस की स्थिति कमजोर है। पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो अत्याचार के खिलाफ भी लगातार प्रचार चलाने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि मार्च से संघ परिवार के सदस्य राज्य में अपनी सक्रियता बढ़ाने के लिए मैदान में उतर जाएंगे। उनका मूल लक्ष्य बहुसंख्यक हिंदुओं को एकजुट करना है।

## रेलवे महाकुंभ मेले के श्रद्धालुओं के लिए चला रहा है स्पेशल ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा**

रेलवे ने महाकुंभ के भव्य आध्यात्मिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के विशाल आगमन को देखते हुए कोलकाता और आगरा कैंट के बीच 03 जोड़ियों कुंभ मेला विशेष ट्रेनों का संचालन करने की घोषणा की है। इस पहल से अतिरिक्त बर्थ की उपलब्धता होगी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा विकल्प मिलेंगे। इसके तहत, 01903 आगरा कैंट-कोलकाता कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 17 फरवरी, 20 फरवरी और 24 फरवरी को शाम 8 बजे आगरा कैंट से रवाना होकर अगले दिन रात 10 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 01904 कोलकाता-आगरा कैंट कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 19 फरवरी, 22 फरवरी और 26 फरवरी को सुबह 5 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में फतेहाबाद, बाह, ईटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, कील, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर और वर्दवान स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सामान्य द्वितीय श्रेणी, स्लीपर क्लास और वातानुकूलित सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## आईपीएस दमयंती सेन ने सात साल पुराने दोहरे हत्याकांड की जांच से मांगी छूट

**कोलकाता, समाज्ञा :** सात साल पहले हुए एक जोड़ो के हत्या के मामले में अब उस घटना की जांच के लिए गठित एसआईटी से आईपीएस अधिकारी दमयंती सेन ने छुट्टी की मांग की है। उन्होंने कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजशेखर मंथा की अदालत में यह आवेदन दिया। उनका कहना है कि वह कई बीमारियों से ग्रस्त हैं, जिसके कारण उन्हें गाड़ी चलाने में कठिनाई हो रही है और साथ ही उन्हें मानसिक तनाव से बचने की सलाह दी गई है। इस स्थिति में, उन्होंने इस जांच से छुट्टी देने का आग्रह किया है। 2018 के 14 मई को काकदीप में स्थानीय सीपीएम



कार्यकर्ता देवप्रसाद दास और उनकी पत्नी ऊषारानी दास के जले हुए शव पाए गए थे। आरोप था कि घर में आग लगाकर दोनों को जिंदा जला दिया गया था। इस मामले में 2023 जनवरी में न्यायाधीश राजशेखर मंथा की सिंगल बेंच ने एसआईटी का गठन करने का आदेश दिया था और एसआईटी की अगुवाई दमयंती सेन को करने के लिए कहा गया था। इसके बाद न्यायाधीश ने दमयंती सेन को एसआईटी के अन्य अधिकारियों का चयन करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार ने इस आदेश को चुनौती दी और डिवीजन बेंच में अपील की, जिसके बाद 20 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश के डिवीजन बेंच ने राज्य की अपील खारिज कर दी। अब दमयंती सेन ने इस मामले की जांच से छुट्टी लेने के लिए फिर से न्यायाधीश मंथा की अदालत में आवेदन किया है।

## फ्यूज़न सीएक्स ने वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के लिए चार उद्योग विशेषज्ञों को निदेशक मंडल में शामिल किया

**कोलकाता :** कस्टमर एक्सपीरियंस (सीएक्स) और बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट (बीपीएम) समाधान में वैश्विक अग्रणी फ्यूज़न सीएक्स ने अपने निदेशक मंडल का विस्तार किया है। इसमें चार प्रतिष्ठित पेशेवरों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी, वित्त, एचआर और निवेश एवं मर्चेंट बैंकिंग के क्षेत्रों से शामिल किया गया है। इन रणनीतिक नियुक्तियों पर टिप्पणी करते हुए, फ्यूज़न सीएक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ पंकज धानुका ने कहा, इन उद्योग विशेषज्ञों की नियुक्ति हमारे वैश्विक विस्तार के दृष्टिकोण को और मजबूत करता है। उनका अनुभव हमारी लोगों को प्राथमिकता देने वाली, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों की प्रतिबद्धता को और मजबूती देगा, जिससे ग्राहक संतुष्टि और संचालन उत्कृष्टता को प्राथमिकता मिलेगी। प्रतिष्ठित पेशेवरों में डॉ. सागरिका घोषाल, काशी प्रसाद खंडेलवाल, माइकल लाम व संजय बांका शामिल हैं।

## हावड़ा साहू समाज ने शीतला माता स्नान यात्रा के मौके पर लगाया सेवा शिविर



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री श्री शीतला माता स्नान यात्रा के मौके पर हावड़ा साहू समाज द्वारा बांधाघाट में लगाए गए सेवा शिविर का उद्घाटन बाबूलाल साव (वन स्टार) द्वारा ऑफिस के स्थान हनुमान बालिका विद्यालय के पास किया गया। हावड़ा साहू समाज से अध्यक्षता बिनोद साव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हावड़ा साहू समाज के कालीचरण साव, बिनोद साव, अशोक कुमार साव, विजय गुप्ता, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, तुलसी साव, दशरथ गुप्ता (हारों गंज), विजय प्रसाद साव, वीरेंद्र प्रसाद साव, रंजीत कुमार साव, बजरंगी साव, सत्यनारायण साव, सुदिन साव, पप्पू साव, अशोक साव(ओडियापाडा), मुकुट साव, संतोष साव (गोल्ड), मनोज साव (सीत-ाराम), रामजी साव (शिवपुर), अनिल साव (पिलखाना), मिट्ठू साव, अप्रूवल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, नन्दकिशोर प्रसाद, सुनील गुप्ता, शुभम साव(बबलु), सुनील साव (फकीर बगान), रंजीत साव, अशोक सिंह एवं बाली साहू समाज से रवि साव, राजकुमार गुप्ता आदि कार्यकारिणी सदस्यों ने सेवा प्रदान करने में अपना योगदान प्रदान किया।

## सियालदह मंडल में चला विशेष टिकट जांच अभियान

❑ **बिना वैध टिकट के 238 और बिना बुक किए गए सामान के 511 मामले पकड़े गए, 98,315 रुपये का वसूला गया जुर्माना**

**कोलकाता :** यात्रियों के लिए सहज व परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के प्रयास में सियालदह रेल मंडल के सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक रविशंकर प्रसाद और महुआ दास ने सियालदह-रानाघाट खंड में एक व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक पवन कुमार के नेतृत्व और सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) दीपक निगम के मार्गदर्शन में चलाए गए लगातार दो दिनों के अभियान के दौरान टिकट जांच टीमों ने 238 बिना वैध टिकट और 511 बिना बुक किए गए या अतिरिक्त सामान के मामले पकड़े। सियालदह मंडल द्वारा शुक्रवार को एक बयान में बताया गया कि इन लोगों से कुल 98,315 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान कुल 749 लोगों के टिकटों



की जांच की गई, जिसमें से इतनी बड़ी संख्या में बेटिकट यात्रा के मामले पकड़ाए।

अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वैध टिकट खरीदने और रेलवे नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। अभियान के दौरान यात्रियों को यूटीएस आन मोबाइल, एटीएम, क्यूआर कोड आदि जैसे डिजिटल माध्यमों से टिकट बुक करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि सियालदह डिवीजन यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नियमित टिकट-जांच अभियान यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने और ट्रेनों में उच्च स्तर का अनुशासन बनाए रखने के रेलवे के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है।

## पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 70 नाबालिगों को बचाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक आरपीएफ कर्मियों ने पूर्व रेलवे के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से कुल 70 नाबालिगों को बचाया। इनमें से 41 लड़के और 29 लड़कियां शामिल थीं। इसमें से हावड़ा डिवीजन में 27 लड़के और 15 लड़कियां, सियालदह डिवीजन में 1 लड़का और 3 लड़कियां, आसनसोल डिवीजन में 6 लड़के और 9 लड़कियां और मालदा डिवीजन में 7 लड़के और 2 लड़कियां मिली थीं। आरपीएफ के कर्मियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के कारण इन बच्चों को उनके परिवारों से मिलवाया गया या फिर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनकी सुरक्षित देखभाल सुनिश्चित की गई।

## तृणमूल को मिला ध्रुवीकरण की राजनीति का सबसे बड़ा फायदा : माकपा रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में राजनीतिक ध्रुवीकरण (बाइनरी पॉलिटिक्स) का सबसे बड़ा फायदा तृणमूल कांग्रेस को मिला है। यह निष्कर्ष मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की आंतरिक रिपोर्ट में सामने आया है। इस रिपोर्ट में पार्टी के चुनावी रणनीति की समीक्षा करते हुए केंद्रीय नेतृत्व ने कहा है कि सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं को भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक रूप से मुकाबला करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। माकपा की आंतरिक रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में पार्टी पिछले एक दशक से तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों से लड़ रही है। इस दौरान, भाजपा का राजनीतिक और वैचारिक स्तर पर विरोध करना जरूरी है क्योंकि बड़ी संख्या में धर्मनिरपेक्ष विचारधारा वाले लोग तृणमूल को भाजपा के खिलाफ प्रभावी विकल्प मानते हैं। हालांकि, राज्य में पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तृणमूल कांग्रेस को सबसे बड़ा लाभार्थी बताना एक सरल सूत्रीकरण है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि निश्चित रूप से राज्य में एक वर्ग तृणमूल को भाजपा के खिलाफ प्रभावी मानता है, लेकिन बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता भी हैं जो तृणमूल विरोध में भाजपा को विकल्प मान रहे हैं। ऐसे में पार्टी को राज्य में दोनों दलों का संतुलित विरोध करने की रणनीति अपनानी चाहिए। माकपा ने इस महीने अपनी आगामी 24वें पार्टी कांग्रेस के लिए मसौदा राजनीतिक प्रस्ताव जारी किया है, जो अप्रैल में तमिलनाडु के मदुरै में आयोजित किया जाएगा। इसमें पार्टी नेतृत्व ने भविष्य में स्वतंत्र राजनीतिक लाइन पर जोर देने की बात कही है, न कि सिर्फ चुनावी समझौतों पर निर्भर रहने की। प्रस्ताव में कहा गया है कि पार्टी को स्वतंत्र राजनीतिक अभियान और जन आंदोलन पर अधिक ध्यान देना चाहिए। चुनावी समझौते या गठबंधन के नाम पर हमारी स्वतंत्र पहचान या गतिविधियों को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। बंगाल और त्रिपुरा का जिक्र करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि इन राज्यों में पार्टी को पुनर्निर्माण और विस्तार की जरूरत है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में ग्रामीण गरीबों के बीच काम करने और उन्हें संगठित करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पार्टी को भाजपा के खिलाफ राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष पर जोर देना होगा, साथ ही तृणमूल और भाजपा दोनों का विरोध जारी रखना होगा।

## फरक्का में रेलवे ट्रैक जाम, सांकोपाड़ा हॉल्ट स्टेशन पर स्टॉपेज की मांग पर प्रदर्शन

**मुर्शिदाबाद :** जिले के फरक्का में सांकोपाड़ा हॉल्ट स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की, जिससे मालदह जाने वाली एक मालगाड़ी और जंगीपुरगामी एक यात्री ट्रेन को रोकना पड़ा। इस दौरान, यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले कटिहार एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें सांकोपाड़ा हॉल्ट स्टेशन पर रुकती थीं, लेकिन कोरोना काल में उनका स्टॉपेज बंद कर दिया गया। अब जब हालात सामान्य हो गए हैं, तब भी रेलवे ने इन ट्रेनों का ठहराव बहाल नहीं किया। इससे यात्रियों को दूर के स्टेशनों तक जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। स्थिति



को सामान्य करने के लिए रेलवे पुलिस और मालदह डिवीजन के एडीआरएम शिवकुमार प्रसाद मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। पहले वे किसी भी आश्वासन को मानने को तैयार नहीं थे, लेकिन जब अधिकारियों ने एक महीने के भीतर कटिहार एक्सप्रेस का स्टॉपेज बहाल करने का वादा किया, तब जाकर प्रदर्शन खत्म हुआ। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर एक महीने में उनकी मांग पूरी नहीं हुई, तो वे और बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## चांदमरी रोड ओवर ब्रिज का पुनर्विकास, हावड़ा के परिवहन ढांचे में सुधार का महत्वपूर्ण कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा के चांदमरी रोड ओवर ब्रिज का पुनर्विकास शहर के परिवहन ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। 1933 में बने पुराने बाउ-स्ट्रिंग गार्डर ब्रिज को बदलकर नया 4-लेन केबल-स्टे ब्रिज बनाया जा रहा है। इस नए ब्रिज के निर्माण से कनेक्टिविटी में सुधार होगा, यातायात जाम में कमी आएगी और यात्रियों तथा पैदल चलने वालों की सुरक्षा में बढ़ोतरी होगी। यह ब्रिज हावड़ा के व्यस्त इलाकों में सामान और वाहनों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करेगा, जो भविष्य की परिवहन जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। नए चांदमरी आरओबी का मुख्य स्पैन 134 मीटर होगा, जो क्षेत्र में अपनी तरह का सबसे लंबा है। इसके



अलावा, बैक स्पैन 66 मीटर और केंद्रीय पायलन की ऊंचाई 81.381 मीटर होगी, जिसे 27 केबल्स द्वारा सहारा मिलेगा। जिससे ब्रिज की मजबूती सुनिश्चित होगी। ब्रिज की कुल चौड़ाई 26.41 मीटर होगी, जिसमें पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ और चार लेन यातायात के लिए 15 मीटर की सड़क चौड़ाई होगी। निर्माण कार्य योजना के अनुसार प्रगति कर रहा है और मई 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। सलकिया और मैदान अप्रोच रोड्स को फिर से संरचित किया जाएगा, ताकि ब्रिज तक आसान और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह परियोजना हावड़ा के परिवहन ढांचे को सुधारने के साथ-साथ क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा देगी।

### आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू का प्रकोप, बंगाल सरकार अलर्ट

# सरकार आंध्र में बर्ड फ्लू की स्थिति पर निगरानी रख रही है : मंत्री स्वपन देबनाथ



**कोलकाता, समाज्ञा :** आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद पश्चिम बंगाल सरकार सतर्क हो गई है और पोल्ट्री आयात पर कड़ी निगरानी रख रही है। राज्य के पशु संसाधन विकास मंत्री स्वपन देबनाथ ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि हम स्थिति से अवगत हैं और इस पर सख्त नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, उन्होंने फिलहाल आंध्र प्रदेश से पोल्ट्री उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा नहीं की है। इस बीच, राज्य के पोल्ट्री सेक्टर पर बर्ड फ्लू के संभावित प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य में अंडों की आपूर्ति मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश से होती है। पश्चिम बंगाल पोल्ट्री फेडरेशन ने भरोसा दिलाया है कि वायरस को राज्य में प्रवेश करने से रोकने के लिए पिछले साल नवंबर से ही सख्त निगरानी की जा रही है। बर्ड फ्लू के असर से बंगाल में पोल्ट्री बाजार पर असर पड़ने लगा है। ग्राहकों की संख्या कम होने से चिकन की कीमतें गिरकर 200 रुपये प्रति किलो हो गई हैं, जो कुछ दिन पहले तक 220 रुपये प्रति किलो थी। हालांकि, कीमतें कम होने के बावजूद, मांग अब भी सुस्त बनी हुई है क्योंकि वायरस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक डॉक्टर के मुताबिक, इस मौसम में बर्ड फ्लू का संक्रमण आम होता है, लेकिन यह वायरस आमतौर पर इंसानों में नहीं फैलता। हालांकि, उन लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए जो पोल्ट्री उत्पादों को सीधे संभालते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी तरह से पकाए गए चिकन को खाने में कोई खतरा नहीं है, क्योंकि उच्च तापमान पर वायरस नष्ट हो जाता है। उधर, आंध्र प्रदेश के मंत्री के अत्च नायडू ने बुधवार को कहा कि राज्य में बर्ड फ्लू को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

## निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में भवानीपुर से तीन गिरफ्तार, 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत



**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में एक और व्यक्ति निवेश धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा कोलकाता पुलिस की साइबर अपराध शाखा में लिखित शिकायत के आधार पर भवानीपुर से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के नाम महेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार और जय कृष्ण है। प्रारंभ में जांचकर्ताओं को पता चला कि महेंद्र निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का जाल बिछाने के लिए विभिन्न बीमा कंपनियों के लोगो का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस सूत्रों का दावा है कि अब तक यह गिरोह करीब 1.73 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है। अकेले महेंद्र के बैंक खाते में पांच लाख रुपये से अधिक की धनराशि स्थानांतरित की गई है। लालबाजार की खुफिया विभाग के अधिकारी विस्तार से जांच कर रहे हैं कि शेष धनराशि कहां गई, किसके पास गई और किस खाते में जमा हुई। शुक्रवार को गिरफ्तार लोगों को बैंकशाल अदालत में पेश किया गया और न्यायाधीश ने 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत का आदेश दिया। हालांकि, जांचकर्ता यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस गिरोह में कोई और भी शामिल है और क्या अभी भी कोई बड़ा नाम सामने आया है। यह देखना अभी बाकी है कि पूछताछ से कोई नया सुराग सामने आता है या नहीं।

## हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 15 का पुनर्निर्माण, 24 कोच वाली ट्रेनें अब होंगी खड़ी



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 15 की लंबाई बढ़ाने के लिए पुनर्निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे स्टेशन की क्षमता में वृद्धि और संचालन में लचीलापन बढ़ेगा। पूर्व रेलवे ने हावड़ा स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों के इंतजार के समय को कम करने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 15 का पुनर्निर्माण और विस्तार किया है। अब तक 312 मीटर लंबा प्लेटफॉर्म नंबर 15 को बढ़ाकर लगभग 600 मीटर किया गया है, साथ ही प्लेटफॉर्म की चौड़ाई में औसतन 2 मीटर का विस्तार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, वर्तमान में जहां केवल 12 कोच वाली ईएमयू ट्रेन खड़ी की जा सकती थी, वहीं अब यह प्लेटफॉर्म 22 से 24 कोच वाली लंबी दूरी की ट्रेनों को भी समायोजित करने में सक्षम होगा। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म के शेड को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत तक विस्तारित कर दिया गया है। पूर्व रेलवे ने हमेशा संचालन में लचीलापन और समय की पाबंदी को प्राथमिकता दी है। प्लेटफॉर्म नंबर 15 का विस्तार न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि यह 24 कोच वाली ट्रेनों को समायोजित करने में सक्षम होगा, जिससे खासकर मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के हावड़ा स्टेशन पहुंचने पर प्रतीक्षा समय कम होगा।

## सीबीआई को कुंतल घोष की आवाज के नमूने एकत्र करने के लिए अदालत की अनुमति मिली

### सीबीआई अगले सप्ताह कुंतल की आवाज करेगी रिकॉर्ड




**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल भर्ती घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को कोलकाता की एक विशेष अदालत से कुंतल घोष के आवाज के नमूने लेने की अनुमति मिल गई। सीबीआई के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि जांच एजेंसी को नए सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर कुंतल घोष के आवाज के नमूने लेना आवश्यक हो गया है। अदालत ने इस दलील से सहमति जताते हुए सीबीआई को यह अनुमति दी और 18 फरवरी को आवाज के नमूने संग्रह करने की तारीख तय की। बता दें कि इससे पहले गत 11 फरवरी को तीन असफल प्रयासों के बाद सीबीआई ने इस मामले के मुख्य आरोपित सुजय कृष्ण भद्र के आवाज के नमूने जुटाने में सफलता प्राप्त की थी। कुंतल घोष इस मामले के प्रमुख आरोपितों में से एक हैं और वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। उन्हें कुछ साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था, जो इस घोटाले की समानांतर जांच कर रहा है। बाद में, सीबीआई ने भी उन्हें इस मामले में गिरफ्तार दिखाया। कुंतल घोष पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी स्कूलों में नौकरी दिलाने के नाम पर कई करोड़ रुपये वसूले। इसके अलावा, उन्होंने एक फर्जी वेबसाइट बनाकर उन अभ्यर्थियों को सफल दिखाया, जो शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) में वास्तव में असफल हुए थे।

## कैनिंग में बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार

### इच्छामती नदी पार करके अवैध रूप से प्रवेश किया था युवक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पुलिस ने एक बार फिर एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है। इस बार, दक्षिण 24 परगना के कैनिंग इलाके में बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि स्थानीय लोगों को एक अज्ञात युवक को इलाके में घूमते देख संदेह हुआ। बाद में, उन्होंने उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम हबीबुल्लाह गाजी है। उसे गुरुवार की रात कैनिंग के इटखोला पंचायत के बादामतला इलाके में घूमते देखा गया था। स्थानीय लोगों को उसे इधर-उधर घूमते देख संदेह हुआ। स्थानीय लोग उसे घेरकर उससे पूछताछ की, लेकिन युवक ने ज्यादा कुछ नहीं बताया। इसके बाद, कैनिंग थाने को इसकी सूचना दी गई तो पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने उससे पूछताछ शुरू की। इस बीच, उसके पास से कोई वैध भारतीय नागरिकता दस्तावेज नहीं मिला। परिणामस्वरूप, संदेह गहरा गया। आगे की पूछताछ से पता चला कि वह युवक वास्तव में बांग्लादेशी है। उसका घर बांग्लादेश के सतखीरा जिले के श्यामनगर थाना क्षेत्र में है। युवक इच्छामती नदी पार कर भारत आया था। युवक को वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। वह भारत क्यों आया? पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या इसके पीछे कोई विशेष मकसद था। गिरफ्तार व्यक्ति को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया।

## शांतिपुर अस्पताल में चिकित्सक पर आरोप, मरीज के पिता से करवाई बेटी की उल्टी साफ

❑ **स्वास्थ्य भवन ने तलब की रिपोर्ट**



**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के शांतिपुर स्टेट जनरल अस्पताल में एक चिकित्सक पर आरोप है कि उसने मरीज के पिता से उसकी बेटी की उल्टी साफ करवाई। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव फैल गया है। मरीज के पिता ने अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट को शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के अनुसार, शांतिपुर के हरिपुर मेल के मैदान इलाके के निवासी समीर शील अपनी पांच साल की बेटी को बुखार और उल्टी की समस्या के कारण इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। यहां आपातकालीन विभाग में तन्मय सरकार नामक चिकित्सक ने उनकी बेटी का इलाज किया। जब बच्ची ने आपातकालीन विभाग के दरवाजे के पास उल्टी की, तो चिकित्सक का आरोप है कि उसने मरीज के पिता से उल्टी साफ करने को कहा। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दिख रहा है कि बच्ची का पिता उल्टी साफ कर रहा है। हालांकि, इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है। वहीं, चिकित्सक ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि मरीज के पिता ने खुद कहा था कि वह उल्टी साफ कर देंगे, और उन्हें किसी प्रकार का दबाव नहीं डाला गया था। शांतिपुर अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट तारक बर्मन ने कहा कि यदि आरोप सही हैं, तो मामले की पूरी जांच की जाएगी।

## सीडा व्यापार मेला इलेक्ट्रा 2025 के दूसरे दिन दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी




**कोलकाता, समाज्ञा :** सीडा व्यापार मेला इलेक्ट्रा 2025 के द्वितीय दिवस पर मेला स्थल पर दर्शकों और आगंतुकों की भारी भीड़ उमड़ी। मेला के दूसरे दिन के प्रमुख अतिथि 91.9 फ्रेंड्स एफएम के जिम्मी ट्रेंग्री, पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य देवाशीष कुमार (देवा दा), मंत्रिमंडल के सदस्य वैश्वानर चटर्जी, कोलकाता नगर निगम वार्ड 71 की पार्षद पापिया सिंह और वार्ड 71 के अध्यक्ष बबलू सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और व्यापारीक और मेला सहयोगियों का उत्साह वर्धन किया। मेले में कार्यकारिणी के सदस्य अध्यक्ष आलोक सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, सचिव अभिषेक वर्मा, सह सचिव आदित्य विक्रम मोहनका, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, व्यापार मेला समिति के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव, उप चेयरमैन हरी प्रपन्न थरड, संजय कुमार सिंघी, मनोज कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश तोषनीवाल, अरुण कोठारी, सुनील सिंघी, अविनाश वर्मा, चंद्रेश मेघाणी और अन्य कार्यकारिणी सदस्य जे एन चटर्जी, गोपाल दे, राज किशोर यादव, हरेंद्र कुमार मिश्रा, दीप्ति मोदी, आदित्य अग्रवाल, नारायण पाणिग्रही, बृजेश लढढा, संजय सिंघी, अरविंद तिवारी बाबा, अशोक बंका, संदीप राठी, महेश दत्तानी व अन्य उपस्थित रहे।

समाजसेवी और संस्था के हितैषी भाई नीलू (सूर्य दीप) बर्मन की उपस्थिति ने मेला को एक नई ऊंचाई दी।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के नेशनल एग्जीक्यूटिव चेयरमैन सुभाष अग्रवाल, पूर्व जोन सचिव सिद्धी जैन, पश्चिम बंगाल चैप्टर अध्यक्ष कुमार अजमेरा और कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसियंस के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, सचिव सी के वर्दराजन, उपाध्यक्ष प्रदीप लुहारीवाला ने भी अपनी उपस्थिति से मेला की गरिमा में इजाफा किया। मेला के अंतिम दिन की उम्मीदें इस बात पर निर्भर करती हैं कि आगंतुकों का उत्साह और भी बढ़ेगा। यह सूचना चेयरमैन मीडिया सेल, भूतपूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी बाबा द्वारा प्रेषित की गई है।

## नोनाडांगा में कमरे से व्यक्ति का शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के आनंदपुर के नोनाडांगा में स्थित भाई भाई कॉलोनी के एक कमरे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में काफी हलचल मच गई। मृतक की पहचान लिगर (35) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, गत गुरुवार की रात करीब 9.30 बजे इलाके के लोगों को बदबू महसूस हुई और उन्होंने आनंदपुर पुलिस थाने को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे मे पहुंचने के बाद पुलिस ने लिगर नामक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ पाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव सड़ना शुरू हो गया था। सूत्रों से यह भी पता चला कि वह व्यक्ति नशे में था। हालांकि, यह अभी भी अज्ञात है कि उनकी मृत्यु कैसे हुई। पुलिस ने घटना की पोस्टमार्टम शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

## खेजुरी में मीट की दुकान में युवक का झूलता शव बरामद

**पूर्व मेदिनीपुर :** मीट की दुकान से मालिक का झूलता शव बरामद किया गया। आरोप है कि अवैध प्रेम के कारण उसकी हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार, वैलेंटाइन डे के दिन शुक्रवार की सुबह पूर्व मेदिनीपुर के खेजुरी थाना अंतर्गत दक्षिण कलमदान में यह घटना घटी है। मृतक की पहचान सुमन जाना (30) के रूप में की गई है। परिवार हत्या का आरोप लगाते हुए खेजुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सुमन कथित तौर पर विवाहेतर संबंध में संलिप्त था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुमन का विवाहेतर संबंध था। उस महिला ने बार-बार सुमन को जान से मारने की धमकी दी थी। उसके परिवार को लगता है कि उसने सुमन की हत्या के लिए किसी भाड़े के हत्यारे को बुलाया होगा। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## कोलकाता में उद्यमियों को मासा अवॉर्ड 2025 से किया गया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** एमएसएमई और स्टार्टअप एक्सेलेरेटर अवाड्र्स (मासा) 2025-कोलकाता संस्करण एक प्रेरणादायक और गौरवमयी रात थी। जिसमें सिलोपो सदन, कैमैक स्ट्रीट में असाधारण उद्यमियों और उद्योग नेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन व्यापारिक नेताओं और स्टार्टअप्स को पहचानना था, जो भारत के व्यापारिक परिदृश्य को नया दिशा दे रहे हैं। इस अवसर पर 10 अद्वितीय स्टार्टअप्स को उनके नवाचार, उत्कृष्टता और लचीलापन के लिए सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य अतिथि आईएएस राजेश पांडेय, सुशील पोद्दार (मासा का अध्यक्ष), रजनीश कुमार (एमएसएमई सेगमेंट के मुख्य, एसबीआई), सीएस ममता बिनानी, प्रज्ञा झुनझुनवाला (कार्यक्रम समन्वयक-मासा), विभोर टंडन (उपाध्यक्ष, मासा), प्रवीण खेमका, मनीष गोयल, ओम प्रकाश झाझरिया, इना बोस, ईरा साहा, एकता खेमका, विशिष्ट अतिथि सी.के. वर्दराजन, जे.एल. बर्डिया, एन. कपाडिया, एस.के. चौरारिया, प्रदीप लूहारीवाला, प्रकाश सशिधान, राजेश भाटिया, और जी. डी. बागरी और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

सम्मानित पुरस्कार विजेताओं में रवि गुप्ता (निदेशक, आरजी सेलुलर), वरुण बियानी (सह-संस्थापक, सुपर प्रोक्योर), ईपीसी उद्योग में नेतृत्व के लिए विभोहर अग्रवाल, आलोक कुमार (सीईओ, थोर नेटवर्क), एसएमआईएफएस लिमिटेड, सीए राजीव हरलालका (आर हरलालका एंड कंपनी), अरुण कोठारी, (मणिलाल एंड ब्रदर्स ग्रुप), पवन अग्रवाल (ईको इंफ्राटेक), सुश्मिता धर (कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान) का नाम शामिल है। कार्यक्रम को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), स्काईकिंग और सीडबल्यूबीटीए जैसे भागीदारों का सहयोग प्राप्त हुआ, जिन्होंने इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## रथ पर सवार होकर गाजे बाजे के साथ मां भगवती पहुंची भक्त के घर

❑ **16 तारीख को होगा भव्य भंडारा, 29 वर्षों से चली आ रही अनोखी प्रथा**



**हुगली :** 29वें पाटोत्सव दिवस के उपलक्ष्य में कोन्नगर स्थित सिद्धपीठ राजराजेश्वरी सेवा मठ में विशेष पूजा अर्चना आरती के बाद एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत मंदिर प्रांगण से हुई। जिसमे बड़ी तादाद में मां ललितंबे के भक्त शामिल हुए। सबसे पहले मां राज राजेश्वरी की अष्ट धातु की मूर्ति की ज्योतिषपीठ व शारदा पीठ के सचिव सुबुद्धानंद महाराज, ज्योतिषपीठ पंडित आचार्य रवि शंकर द्विवेदी, मुख्य प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज व उप प्रभारी श्रीधर द्विवेदी के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा आरती हुई। भोग लगाया गया। इसके बाद मां राजराजेश्वरी को एक वाहन के सिंहासन पर विराजमान किया गया। ठीक इसी तरह दूसरे वाहन में ज्योतिष व शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की प्रतिमा की पूजा के बाद उन्हें भी सिंहासन पर बैठाया गया। और दोनों वाहनों के साथ भक्तगण हाथ में पताका लेकर पदयात्रा करते हुए कोन्नगर स्थित सिद्धेश्वरी माता काली मंदिर पहुंचे वहां पूजा अर्चना के बाद यह शोभायात्रा कोलकाता के साल्ट लेक के लिए रवाना हुई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई। ज्योतिषपीठ व शारदा पीठ के सचिव सुबुद्धानंद महाराज ने कहा कि माँ त्रिपुरा सुन्दरी (राजराजेश्वरी )का यंत्र श्री यंत्र है। इसलिए श्रीयंत्र में मां की उपासना की जाती है।

मुख्य प्रभारी सच्चित स्वरूप महाराज ने कहा कि कुभं स्नान जाने वालों की गाड़ी में जो तोड़फोड़ की गई यह उन्माद है। कहा कि प्रयाग की परंपरा सदियों से चली आ रही है। कहा संगम का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए लोगों में डर खत्म हो रहा है इसलिए उन्माद फ़ैलाने के लिए इस तरह के मति भ्रमित कृत्य करते हैं। उन्हें कभी मोक्ष की प्राप्ति नहीं होगी। कहा कि 29 साल से पाटोत्सव उत्सव के दौरान मां भगवती भक्त के घर रथ पर सवार होकर जाती है। यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। भगवती भक्त सुभाष केडिया के कोलकाता स्थित साल्टलेक निवास स्थान जाएगी। वहां एक रात भगवती भक्त के घर रहेगी। इस दिन भजन, कीर्तन, सत्संग इत्यादि होगा .इसके बाद दूसरे दिन फिर मां भगवती उसी रथ पर सवार होकर वापस मंदिर में लौटेगी। 16 तारीख को भव्य भंडारा होगा। जिसमे हजारों की तादात में भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## सिंगिंग रियलिटी शो में मौका दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, एक गिरफ्तार

### आरोपी को तीन दिन की पुलिस हिरासत, एक अन्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



**कोलकाता, समाज्ञा :** एक प्रसिद्ध टेलीविजन चैनल पर सिंगिंग रियलिटी शो में आने का मौका पाने का प्रलोभन देकर मध्यमग्राम की एक महिला से लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में मध्यमग्राम पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जबकि, इस मामले में एक आरोपी फरार बताया गया है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अर्घ्यजीत दत्ता है। वह घोला थाना इलाके का निवासी है। जबकि, धोखाधड़ी की शिकार काकोली भट्टाचार्य मध्यमग्राम में रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, काकोली की मुलाकात करीब एक साल पहले गिरफ्तार अर्घ्यजीत समेत एक अन्य आरोपी से हुई थी। काकोली ने आरोप लगाया कि उन दोनों ने उनसे कहा कि एक प्रसिद्ध टीवी चैनल पर सिंगिंग रियलिटी शो के लिए एक प्रतियोगी की तलाश की जा रही है। यह सुनकर काकोली ने कहा कि वह उनकी बेटी को शो में मौका दिलाए। इसके बाद, अर्घ्यजीत ने पिछले साल पूजा के बाद उसे शो में मौका दिलाने का वादा किया था। इसके लिए काकोली ने उन्हें किश्तों में 3.87 लाख रुपये दिए। लेकिन, कई महीनों बाद भी काकोली की बेटी को किसी भी रियलिटी शो में आने का मौका नहीं मिला। परिणामस्वरूप, काकोली अर्घ्यजीत को दिए गए पैसे वापस मांगने लगी। आरोप है कि पैसे लौटाने के नाम पर उन्हें बार-बार परेशान किया गया। आरोप है कि अंत में उन्होंने उसे पैसे भूल जाने की बात कही। अंततः, जब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है, तो काकोली भट्टाचार्य ने मध्यमग्राम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद अर्घ्यजीत को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को जब उसे बारासात अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने तीन दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। उसका दोस्त, जो एक अन्य आरोपी है, अभी भी फरार है।

## कुंभ भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए : तृणमूल समर्थक मंच




**कोलकाता, समाज्ञा :** 'देश बचाओ गणमंच' ने उत्तर प्रदेश सरकार से शुक्रवार को आग्रह किया कि वह राज्य के उन छह लोगों के परिवारों को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करे, जिनकी पिछले दिनों महाकुंभ में मची भगदड़ में मौत हो गयी थी। मंच ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार से 29 जनवरी की घटना की जांच कराए जाने की भी मांग की। इस दिन, कोलकाता में प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य के पूर्व मंत्री और 'देश बचाओ गणमंच' के पदाधिकारी पूर्णेन्दु बसु ने संवाददाताओं से कहा कि बंगाल सरकार के अनुसार, भगदड़ में राज्य के छह लोग मारे गए और छह अन्य लापता हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश की भाजपा नीत सरकार ने छह लापता तीर्थयात्रियों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। संभवतः मृतकों की संख्या 30 के भीतर रखने और पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देने से बचने के लिए ऐसा किया गया। उन्होंने कहा कि हम उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि भगदड़ में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाए, उनके परिवारों को मुआवजा दिया जाए और मृतकों की संख्या में संशोधन किया जाए। हम घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मंच ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ कोई संवाद स्थापित किया है, बसु ने कहा कि राज्य, परिवारों और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा बार-बार प्रयास किए जाने के बावजूद, उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले एक पखवाड़े में कोई अद्यतन जानकारी नहीं दी है।

## मणिपुर में जल्द ही होगी शांति बहाली : दिलीप घोष

**पश्चिम मेदिनीपुर :** मणिपुर में अस्थिर परिस्थिति के बीच भाजपा नेता दिलीप घोष ने मणिपुर में शांति लौटने की उम्मीद जताई है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को लेकर दिलीप घोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 70 साल बाद अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में किसी भी हिंसा भड़काने की हिम्मत नहीं है। इसी तरह, हमारी सरकार मणिपुर में समस्या की जड़ तक गई है और एक या दो साल के भीतर वहां शांति बहाल हो जाएगी। वहीं, राज्य में नए मतदाता कार्ड के ऑनलाइन पंजीकरण को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना करते हुए दिलीप घोष ने कहा कि राज्य में 40-50 लाख फर्जी मतदाता हैं, ममता बनर्जी ने वहां चुनाव जीता है। हम इसका विरोध करने जा रहे हैं। वे (तृणमूल कांग्रेस) इस बार चुनाव हार जाएंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अयोध्या दर्शन जा रहे श्रद्धालु की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**सुलतानपुर :** अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे एक श्रद्धालु की सुलतानपुर जिले में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मरने वाले की पहचान झारखंड के हजारीबाग जिले के रहने वाले कन्हैया लाल पांडेय (50) के तौर पर हुयी है। वह अयोध्या जा रहा था। वह शौच के लिये गया था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि यह घटना लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर बंधुआकला थाना क्षेत्र में हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किसान नेताओं के साथ बैठक में केंद्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के नेतृत्व में केंद्रीय टीम शुक्रवार को उन किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी जो फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत अन्य मांग कर रहे हैं। इस बैठक में उनकी मांगों पर वार्ता की जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस बैठक में किसानों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री जोशी केंद्रीय टीम का नेतृत्व करेंगे। सूत्रों के अनुसार, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डिया भी उपस्थित रहेंगे। यह बैठक चंडीगढ़ में महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान, पंजाब में आयोजित की जाएगी। यह कदम अन्य मांगों के अलावा एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर किसानों द्वारा एक साल से किए जा रहे विरोध प्रदर्शन के बाद उठाया गया है। किसानों के अनुसार, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में भाग लेगा। अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह भी बैठक में शामिल होंगे।

### हाथरस में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**हाथरस (उप्र) :** हाथरस जिले में जरेरा गांव के पास एक कार के नहर में गिर जाने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात दुर्घटना उस समय हुई जब कार सवार लोग अलीगढ़ से एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद एटा जिले के जलेसर लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि मृतकों में बबलू (45), उसके भाई की पत्नी पूनम (35), पूनम की बेटियां काव्या (3) और भूमि (1) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांच लोग घायल हुए हैं, जिनका सिकंदरा राऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है, वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### महाकुंभ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ मुकदमा

**गाजीपुर :** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अफजाल अंसारी द्वारा महाकुंभ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि सांसद के खिलाफ बृहस्पतिवार को जिले के शादियाबाद थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 293 (सार्वजनिक उपद्रव) और 353(2) (जान-बूझकर किसी धर्म या जाति के बारे में झूठी जानकारी फैलाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि बिरनों थाना क्षेत्र के बद्धूपुर गांव के रहने वाले देवप्रकाश सिंह ने शादियाबाद थाने में बृहस्पतिवार को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि शादियाबाद चौराहे पर 12 फरवरी को संत रविदास की जयंती पर आयोजित समारोह में सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि महाकुंभ में नहाने से पाप धुल रहे हैं। लोगों के लिये बैकुंठ का रास्ता खुल रहा है।

# राजनाथ और गडकरी की मौजूदगी में चार लेन के दो फ्लाईओवर का उद्घाटन



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा एवं सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में चार लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। एक बयान के मुताबिक इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर-25 से खुर्रम नगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (तीन किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (दो किमी) शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि डबल इंजन की सरकार लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि कृत्रिम मेधा (एआई) शहर के रूप में भी विकसित कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।'' उन्होंने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनायें मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है।

## स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड बनाने की दिशा में बढ़ा महाकुंभ

**महाकुंभनगर :** तीर्थराज प्रयागराज की धरती ना केवल भव्य महाकुंभ रूप में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षात्कार कर रही है, बल्कि संगमनगरी विश्व रिकॉर्ड का भी साक्षी बनने जा रही है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, महाकुंभ में शुक्रवार को 50 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम और गंगा में स्नान के विश्व रिकॉर्ड के साथ ही स्वच्छता की दिशा में भी एक अनूठा रिकॉर्ड बनने जा रहा है। इसके तहत, 300 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने शुक्रवार को एक साथ अलग-अलग घाटों पर गंगा की सफाई की। स्वच्छता के विश्व रिकॉर्ड के लिए मेला प्राधिकरण की ओर से सभी निर्धारित प्रक्रिया को अपनाया गया। अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधि इस पूरी प्रक्रिया का सत्यापन करेंगे और इस रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के बाद इसका प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद यह अपने आप में एक अनूठा रिकॉर्ड होगा, जहां एक साथ इतने सफाई कर्मियों ने अलग-अलग घाटों पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक घाटों पर सफाई का अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार, प्रयागराज में जारी महाकुंभ की वैश्विक छवि को देखते हुए सरकार ने नदी की सफाई को लेकर जन जागरुकता अभियान छेड़ा हुआ है जिसकी वजह से महाकुंभ में आ रहे करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन, निर्मल और स्वच्छ जल में स्नान कर रहे हैं।



## महाकुंभ में राजनीति के कई दिग्गजों ने किया संगम स्नान

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के संगम में शुक्रवार को राजनीति के कई दिग्गजों ने स्नान किया जिनमें केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रेखा शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता सुबुही खान शामिल रहीं। आधिकारिक बयान के मुताबिक इनके अलावा, तेलंगाना के पूर्व मंत्री मल्ला रेड्डी और आम आदमी पार्टी की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर ने भी संगम में डुबकी लगाई। महाकुंभ में संगम स्नान के लिए केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल नयी दिल्ली से वंदे भारत ट्रेन में सवार होकर प्रयागराज पहुंचे। वहीं, राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने भी शुक्रवार को संगम में डुबकी लगाई। अधिकारियों ने बताया कि सांसद रेखा शर्मा ने महाकुंभ में की गई व्यवस्थ-ाओं की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, योगी सरकार ने करोड़ों लोगों के लिए इतनी बेहतरीन व्यवस्था कैसे की है।


केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल

## विधानसभाओं और संसद में 'नियोजित व्यवधान' ठीक नहीं: ओम बिरला

**चंडीगढ़ :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की ताकत हैं, लेकिन विधानसभाओं या संसद में ''नियोजित व्यवधान'' ठीक नहीं है। बिरला हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए शुक्रवार को यहां शुरू हुए दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। बिरला ने कहा, ''चर्चा और संवाद लोकतंत्र की आत्मा हैं। सहमति या असहमति लोकतंत्र की ताकत हैं, लेकिन मेरा मानना है कि विधानसभा हो या संसद, नियोजित गतिरोध लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''नियोजित गतिरोध का यह नया चलन न तो देश के लिए ठीक है और न ही किसी राज्य के लिए, क्योंकि इससे सदन में व्यवधान पैदा होता है और विधायी कार्य भी प्रभावित होता है, जिससे बहुमूल्य समय बर्बाद होता है।'' बिरला ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने कहा कि चाहे वह राज्य विधानसभाएं हों या संसद, आजादी के बाद संविधान के दायरे में रह कर ही नए कानून बनाए गए हैं। बिरला ने कहा, ''संसद में हमने औपनिवेशिक काल के अनावश्यक कानूनों को खत्म किया। हमने आजादी के बाद समय की जरूरत के हिसाब से नए कानून भी बनाए हैं।'' एक अच्छा कानून बनाने पर चर्चा और बहस के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कानून बनाना राज्य विधानसभा और लोकसभा का काम है। विधायकों के बारे में उन्होंने कहा कि लोग उन्हें बड़ी उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ चुनते हैं और चुने हुए प्रतिनिधियों को लोगों के मुद्दों को हल करने का प्रयास करना चाहिए।



## न्यूज अपडेट

### पंजाब पुलिस ने सीमा पार के तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, 30 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को 30 किलोग्राम हेरोइन जब्त करने के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया और सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस के अनुसार, ड्रोन का उपयोग कर पाकिस्तान से मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी और यह इस साल की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त की गई है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने सीमा पार से तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, पुलिस ने एक कार से 30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की और मादक पदार्थ के एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान से मादक पदार्थ लाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था।'' उन्होंने कहा, ''गिरफ्तार आरोपी बड़े पैमाने पर हेरोइन की तस्करी में संलिप्त था और बताया गया है कि हाल ही में उसे सीमा पार से ड्रोन के जरिए तस्करी की गई हेरोइन की बड़ी खेप मिली थी।'' उन्होंने बताया कि घरिंडा थाने में स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ(एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। यादव ने कहा कि इसमें शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने और तस्करी के गिरोह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### कांग्रेस की सरकार आने पर होगी पुलवामा हमले की पूरी जांच : राय

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को पुलवामा हमले की छठी बरसी के मौके पर शहीदों को याद करते हुए कहा कि इतने वर्षों बाद भी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इस वारदात की कई गुत्थियों को सुलझा नहीं पाई है। केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर इस घटना की पूरी जांच कराई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की छठी बरसी के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर राय ने कहा, पुलवामा में हमारे जवानों की शहादत देश के लिए एक बड़ा अघात साबित हुई थी। इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलवामा के कई शहीदों के मामले में आरडीएक्स कहां से आया और कौन लाया, मोदी सरकार इस बात का आज तक पता नहीं लगा पाई। राय ने कहा कि हम उन शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और कांग्रेस की सरकार आने पर इस घटना की पूरी जांच कराई जायेगी। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था। इस वारदात में 40 जवान शहीद हो गये थे।

### एलविश द्वारा अपलोड राजस्थान पुलिस एस्कॉर्ट के वीडियो को एआई से संपादित किया गया था : अधिकारी

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यूट्यूबर एलविश यादव द्वारा अपलोड किए गए राजस्थान पुलिस एस्कॉर्ट के वीडियो को एआई टूल्स का इस्तेमाल करके संपादित किया गया था। राजस्थान पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया जांच में यह भी पाया गया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रिय सेलिब्रिटी ने अपने ब्लॉग में अपनी कार के आगे चल रहे नियमित गश्ती पुलिस वाहन को पुलिस एस्कॉर्ट वाहन के रूप में प्रस्तुत किया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने पीटीआई-भाषा को बताया, यादव द्वारा अपलोड किया गया वीडियो संपादित है और इसमें कुछ एआई टूल्स का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसकी तकनीकी रूप से जांच की जा रही है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक पुलिस वाहन नियमित गश्त पर था, जिसका यादव अपनी कार से पीछा कर रहा था और वीडियो में दिखाया गया कि एक पुलिस वाहन उन्हें एस्कॉर्ट कर रहा था। उन्होंने कहा कि यादव ने यह दिखावा करने के लिए किया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी कानून-व्यवस्था के मुद्दों को देखते हुए पुलिस सहायता का अनुरोध किया जाता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुलिस उन्हें एस्कॉर्ट कर रही थी। विशेष व्यवस्था के तहत अति विशिष्ट व्यक्ति को पुलिस एस्कॉर्ट प्रदान किया जाता है। पुलिस ने कहा कि वीडियो को अब पुष्टि के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा और यादव को पूछताछ के लिए पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए बुलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 11 फरवरी को, यादव के खिलाफ एक भ्रामक वीडियो पोस्ट करने के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वीडियो में दावा किया गया था कि उन्हें राजस्थान पुलिस द्वारा एस्कॉर्ट किया गया था। पुलिस ने उनके दावे को खारिज करते हुए कहा था कि यादव को कोई आधिकारिक सुरक्षा प्रदान नहीं की गई थी और उनके खिलाफ राजस्थान पुलिस की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने का मामला दर्ज किया गया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू रांची पहुंचीं, बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में होंगी शामिल

**रांची :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को यहां पहुंचीं। मुर्मू शनिवार को बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा (बीआईटी-मेसरा) के प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लेंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति शाम करीब 4.45 बजे पहुंचीं और राजभवन गईं, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी। राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर राज्य की राजधानी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। राष्ट्रपति के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से किये गए एक पोस्ट के अनुसार, ''झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया।'' राज्यपाल गंगवार ने राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी की। गंगवार ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''माननीया राष्ट्रपति महोदया के राजभवन आगमन पर हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। उनका सान्निध्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। समस्त राजभवन परिवार उनकी उपस्थिति से उत्साहित एवं सम्मानित महसूस कर रहा है।'' मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक की। एक आधिकारिक बयान में मुख्य सचिव को उद्धृत करते हुए कहा गया, ''जहां भी आवश्यक होगा, विभाग एक दूसरे के साथ समन्वय करेंगे और तैयारियों को मजबूत करेंगे।''



## झारखंड में बेटी की हत्या के आरोप में एक बुजुर्ग व्यक्ति और उसके दो बेटे गिरफ्तार

**कोडरमा (झारखंड) :** झारखंड के कोडरमा जिले में बेटी की हत्या करने के आरोप में 73 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उनकी बेटी उसी गांव के एक लड़के से बात करती थी और परिवार इस बात के खिलाफ था। उन्होंने बताया कि परिवार पर 18 वर्षीय युवती का गला घोंटकर हत्या करने और पहले शव को घर के सेप्टिक चैंबर में फेंकने तथा फिर सिर काटकर शव को नदी किनारे दफनाने का आरोप है। अधिकारी ने बताया कि ऐसा आरोप है कि युवती के 20 वर्षीय भाई ने उसकी हत्या की थी, जबकि अन्य लोगों ने शव को उन दो स्थानों पर छिपाया था। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने पांच फरवरी को पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता को 12वीं कक्षा (इंटरमीडिएट) की बोर्ड की परीक्षा देनी थी। पुलिस को इस मामले की जांच के दौरान मरकच्चो क्षेत्र के पंचखेरो नदी के किनारे रेत के नीचे दबा हुआ एक युवती का शव 12 फरवरी को बरामद हुआ, लेकिन इसका सिर नहीं था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जब परिवार के सदस्यों को बुलाया गया, तो उन्होंने कहा कि वे शव को नहीं पहचानते। पुलिस को उनसे बात करने पर गड़बड़ी का संदेह हुआ, क्योंकि उनके बयान मेल नहीं खा रहे थे।

## सिर्फ दिव्यांग नाम देने से नहीं, उन्हें शिक्षा के अवसर देने के काम आगे बढ़ाए सरकार : गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश भाजपा सरकार पर जयपुर एवं जोधपुर में दिव्यांगों के लिये घोषित दो विश्वविद्यालयों का काम रोकने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दोनों विश्वविद्यालयों का काम जल्द से जल्द आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, ''एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकलांग शब्द को दिव्यांग करवाते हैं और उन्हें सम्मान देने की बात करते हैं और दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी की सरकार राजस्थान में दिव्यांगों के हित में घोषित की गईं दो यूनिवर्सिटी का काम रोक कर बैठी है।'' उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस पर संज्ञान लेकर दोनों विश्वविद्यालयों का काम जल्द से जल्द आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''भारत में उच्च शिक्षा में दिव्यांगों की सहभागिता पांच फीसदी से भी कम है। तमाम चुनौतियों के कारण दिव्यांग चाहकर भी उच्च शिक्षा में दाखिल नहीं हो पाते हैं।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने बजट 2022-23 में जयपुर में बाबा आम्टे दिव्यांग यूनिवर्सिटी एवं 2023-24 के बजट में जोधपुर में महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय की घोषणा की थी।''

## वक्फ विधेयक लोगों का ध्यान भटकाने और फिजूल बहस को बढ़ावा देने के लिए है : अखिलेश

**वाराणसी (उप्र) :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि संसद में पेश किया गया वक्फ (संशोधन) विधेयक लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाकर उन्हें अनावश्यक बहस में उलझाने और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में विफलता को छिपाने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की चाल है। कन्नौज से सांसद यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में पेश किए जाने के एक दिन बाद 'फीके' बजट के लिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने वाराणसी में केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर पांचवें से तीसरे स्थान पर लाने का दावा करती है लेकिन बजट से निराशा ही हाथ लगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इसकी वजह से 'मेक इन इंडिया' जैसे नारे अप्रभावी हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''सरकार ने अब वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने और लोगों को फिजूल की बहसों में उलझाए रखने के लिए नया विधेयक (वक्फ विधेयक का जिक्र करते हुए) पेश किया है। यह मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने की भाजपा की पुरानी रणनीति है।'' यादव ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और वाराणसी को क्योटो में बदलने के सरकार के दावों की भी आलोचना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, ''यह अच्छी बात है कि वह विदेश गए हैं, लेकिन उन्हें अमेरिका के लिए भारतीय बाजार खोलने के बजाय हमारे लोगों को लाभ पहुंचाने वाले व्यापार सौदे वापस लाने चाहिए।'' उन्होंने संसद में की गई अपनी एक टिप्पणी को याद करते हुए कहा, ''पिछली बार मोदी जी हीरे लेकर अमेरिका गए थे, इस बार कम से कम सोने की चेन तो ले ही जा सकते थे।''

## राजद के पोस्टर में तेजस्वी घोड़े पर सवार और नीतीश कछुए पर बैठे दिखे

**पटना :** पटना में एक पोस्टर लगाया गया, जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव एक दौड़ते हुए घोड़े पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक कछुए की पीठ पर बैठे हुए दिख रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है, वही 17 महीनों वाली तेज तर्रार तेजस्वी सरकार आ रही है। पोस्टर में उल्लिखित 17 महीने की अवधि महागठबंधन के शासन को दर्शाती है, जिसके दौरान राजद नेता उपमुख्यमंत्री थे। यह कुमार के आवास से कुछ ही मीटर की दूरी पर लगाया गया है। बिहार में इस साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं। यादव जनता दल (यू) प्रमुख कुमार के साथ मिलकर बनाई गई महागठबंधन सरकार के दौरान अपने प्रदर्शन को आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान भुनाने की कोशिश में हैं। हालांकि कुमार के फिर से भाजपा के साथ चले जाने के बाद बिहार में महागठबंधन सरकार 2024 में गिर गई थी। कुमार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का साथ छोड़कर 2022 में राजद नीत महागठबंधन में आ गए थे। इस सरकार में भी वही मुख्यमंत्री थे। यह पोस्टर राजद के एक कार्यकर्ता ने 10, सर्कुलर रोड के निकट लगाया है, जो पूर्व मुख्यमंत्री एवं यादव की मां राबड़ी देवी को आवंटित बंगला है। पोस्टर में यादव घोड़े पर सवार है, उनके हाथ में राजद का चुनाव चिन्ह 'लालटेन' भी है और इसमें उन्हें एक मील का पत्थर पार करते हुए दिखाया गया है, जिस पर 2025 लिखा है जो इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के संदर्भ में है।




## पुलिस ने पूरे शहर में लगवाए संभल हिंसा के 74 संदिग्धों के पोस्टर

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने पिछले साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में संदिग्ध रूप से शामिल 74 लोगों के पोस्टर पूरे शहर में लगवाए हैं। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कैद की गई तस्वीरों से बने पोस्टरों को आरोपियों की पहचान करने में मदद के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया, सीसीटीवी में दिख रहे लोग सीधे तौर पर हिंसा में शामिल थे। उनकी पहचान की पुष्टि होनी बाकी है, इसलिए उन्हें पहचानने में जनता की मदद लेने के लिए पोस्टर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन 74 उपद्रवियों की पहचान करने के लिए विश्वसनीय सुबूत देने वाले मुखबिरों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। चंद्र ने कहा कि पोस्टर न केवल संभल के शहरी इलाकों में बल्कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भी लगाए गए हैं ताकि लोगों तक अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाया जा सके। पुलिस के अनुसार संभल हिंसा मामले में 76 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। संभल शहर के कोट गर्वी इलाके में शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इसमें चार नागरिकों की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए थे।



# मोदी-ट्रंप वार्ता: एआई, हाई-टेक और सेमीकंडक्टर्स पर जोर



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई उच्च स्तरीय बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , सेमीकंडक्टर्स, डाटा सेंटर और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों देशों ने यूएस-इंडिया ट्रस्ट इनिशिएटिव, एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए रोडमैप, और इंडस इनोवेशन जैसी नई पहलों की घोषणा की, जो द्विपक्षीय तकनीकी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।

**एआई और सेमीकंडक्टर्स पर बड़ा फोकस**

इस बैठक में एआई, सेमीकंडक्टर्स, डेटा सेंटर और क्वांटम टेक्नोलॉजी को एक नई पीढ़ी की डिजिटल दुनिया के लिए आधारभूत स्तंभ माना गया। भारत और अमेरिका ने उभरती तकनीकों में सहयोग को बढ़ाने और यूएस-इंडिया ट्रांसफॉर्मिंग द रिलेशनशिप यूटिलाइजिंग स्ट्रेटेजिक टेक्नोलॉजी इनिशिएटिव लॉन्च करने की घोषणा की।

संयुक्त बयान के अनुसार, यह पहल सरकारी, अकादमिक और निजी क्षेत्र के सहयोग को मजबूत करेगी, जिससे रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम, बायोटेक्नोलॉजी, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में उन्नत तकनीकों का विकास और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए नया रोडमैप**

ट्रस्ट इनिशिएटिव के तहत, दोनों देश अमेरिकी मूल के बड़े पैमाने के एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को भारत में विकसित करने के लिए वित्तीय, तकनीकी और कनेक्टिविटी से जुड़ी बाधाओं को दूर करने के लिए इस वर्ष के अंत तक एक एआई रोडमैप तैयार करेंगे। भारत और अमेरिका मिलकर डेटा सेंटर, एआई प्रोसेसर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन के विकास में निवेश को बढ़ावा देंगे। साथ ही, टेक्नोलॉजी की सुरक्षा और नियामकीय बाधाओं को कम करने पर भी काम करेंगे।

## भारत-अमेरिका ने टेक्नोलॉजी सहयोग बढ़ाने का किया संकल्प

### ट्रंप के साथ अदाणी के मुद्दे पर चर्चा नहीं: प्रधानमंत्री मोदी

**वाशिंगटन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात के दौरान उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिकी सरकार के रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा नहीं की। व्हाइट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान मोदी से पूछा गया कि क्या उन्होंने कथित रिश्वतखोरी योजना में शामिल होने को लेकर न्यूयॉर्क की एक अदालत में अदाणी और उनके प्रमुख सहयोगियों पर चल रहे मुकदमे का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले, भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति और हमारा विचार दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा है।'' इसके बाद उन्होंने कहा कि जब दो वैश्विक नेता मिलते हैं, तो ऐसे 'व्यक्तिगत मामलों' पर चर्चा नहीं की जाती है। उन्होंने कहा, ''दो देशों के दो प्रमुख नेता ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर कभी चर्चा नहीं करते हैं।'' ट्रंप ने प्रेस वार्ता के दौरान इस मामले का कोई जिक्र नहीं किया। बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार से जुड़े अदाणी समूह के संस्थापक चेयरमैन गौतम अदाणी, सागर अदाणी और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी विनीत जैन पर अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि वे भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने की कथित साजिश का हिस्सा थे। यह रिश्वत कथित रूप से सौर बिजली की आपूर्ति के लिए ठेका हासिल करने के लिए दी गई थी। अदाणी समूह ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया।

### ट्रंप के शुल्क और भारत पर उसका असर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने से भारत को छूट नहीं देगा। ट्रंप ने आयात पर जवाबी शुल्क लगाने की अपनी योजना को आगे बढ़ाया है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध के और गहराने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान, दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 82.52 अरब अमेरिकी डॉलर (52.89 अरब डॉलर निर्यात और 29.63 अरब डॉलर आयात) रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 23.26 अरब डॉलर रहा, जो भारत के पक्ष में है। भारत के कुल माल निर्यात में अमेरिका का योगदान करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह 12 मार्च से लागू होगा। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सवाल- शुल्क क्या हैं? जवाब - अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में माल के आयात शुल्क, सीमा शुल्क या कर लगाए जाते हैं। आयातकों को यह शुल्क सरकार को देना होता है। आम तौर पर कंपनियां इन करों को अंतिम उपयोगकर्ताओं पर डालती हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई कंपनी 100 रुपये मूल्य के किसी उत्पाद 'क' का आयात कर रही है, जिस पर 10 प्रतिशत सीमा शुल्क है, तो उत्पाद की लागत 110 रुपये हो जाएगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 'दोस्त' पीएम मोदी को दिया एक खास तोहफा, कहां लिखा- 'यू आर ग्रेट'



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 2:30 बजे) के व्हाइट हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें अपनी हस्ताक्षर की हुई फोटोबुक 'आवर जर्नी टुगेदर' भेंट में दी। दोनों देश के नेता गुरुवार को व्हाइट हाउस में व्यापार, रक्षा और द्विपक्षीय साझेदारियों को लेकर व्यापक रूप से चर्चा की। इस फोटोबुक में डोनाल्ड ट्रंप के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान महत्वपूर्ण आयोजन और समारोहों की तस्वीरों को शामिल किया गया है। इसमें सितंबर 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका की द्विपक्षीय यात्रा के दौरान 'हाउडी मोदी' समारोह की तस्वीरें भी शामिल हैं।

**इंडस इनोवेशन: इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए नया मंच**

दोनों नेताओं ने इंडस इनोवेशन नामक एक नए इनोवेशन ब्रिज की शुरुआत की, जो अमेरिका और भारत के उद्योग एवं अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। यह मॉडल इंडस-एक्स प्लेटफॉर्म की सफलता को दोहराएगा, जो रक्षा, अंतरिक्ष, ऊर्जा और अन्य उभरती तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देगा।

इंडस-एक्स इनिशिएटिव के अंतर्गत भारतीय और अमेरिकी रक्षा कंपनियों, निवेशकों और विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को बढ़ाने और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे। इस पहल की अगली शिखर बैठक 2025 में होगी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा

गुवाहाटी : मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को श्रीभूमि जिले से असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया जिनमें चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी थे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''पांच घुसपैठियों को वापस भेजा गया। श्रीभूमि पुलिस भारत-बांग्लादेश सीमा के पास चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी को पकड़ा और उन्हें वापस भेज दिया।'' इनकी पहचान अब्दुल रजाक, सद्दाम हुसैन, मोक्तुल हुसैन, नूरुल अमीन और हफ्सा बीबी के रूप में हुई है। एक बांग्लादेशी महिला, जिसकी पहचान रूपा साथी के रूप में हुई है, को बृहस्पतिवार रात्रि को वापस भेजा गया था।

### दिल्ली में 90 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 700 से अधिक जगहों पर की गयी छापेमारी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सभी जिलों और विशेष इकाइयों के सहयोग से राजधानी के 700 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 90 अपराधियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभियान 'कवच' 7.0 बुधवार को शुरू हुआ और बृहस्पतिवार तक जारी रहा। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया, ''इस अभियान के तहत मादक पदार्थ और साइकोट्रोपिक पदार्थ के मामलों में 90 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 553 ग्राम हेरोइन, 43 किलोग्राम मारिजुआना, 199 ग्राम कोकीन और दो लाख से अधिक ऐसी गोलियां बरामद की है, जिसके लोग आदि बन सकते हैं।

### आयकर विधेयक पर विचार के लिए प्रवर समिति गठित, पांडा होंगे अध्यक्ष

**नयी दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आयकर विधेयक, 2025 पर विचार करने के लिए शुक्रवार को 31 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया। भाजपा के सांसद बयजंत पांडा को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा बुलेटिन के अनुसार, इस समिति में भाजपा के 14, कांग्रेस के छह, सपा के दो, टीएमसी, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), तेदेपा, जदयू, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-उबाठा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा एसपी) के एक-एक सदस्यों को शामिल किया गया है। कुछ अन्य छोटे दलों को भी इस महत्वपूर्व समिति का हिस्सा बनाया गया है। समिति में भाजपा की ओर से पांडा के अलावा निशिकांत दुबे, जगदीश शेट्टार, सुधीर गुप्ता, पीपी चौधरी और नवीन जिंदल समेत 14 नेताओं को जगह दी गई है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से दीपेंद्र हुड्डा, अमर सिंह समेत छह सांसद इस समिति में शामिल किए गए हैं।

## द्विपक्षीय सहयोग से तीसरे पक्ष को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए: मोदी-ट्रंप बैठक पर चीन

**बीजिंग :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग ने शुक्रवार को कहा कि द्विपक्षीय सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए और इससे किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मोदी और ट्रंप की मुलाकात पर कहा कि एशिया-प्रशांत शांतिपूर्ण विकास का केंद्र है, न कि भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का क्षेत्र। मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के अलावा अमेरिका और भारत के बीच घनिष्ठ साझेदारी को स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गुओ ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन का मानना है कि देशों के बीच संबंधों और सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए या अन्य के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए तथा यह शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष समूह बनाने तथा गुटीय राजनीति और गुटीय टकराव में शामिल होने से सुरक्षा नहीं आएगी तथा किसी भी तरह से एशिया-प्रशांत एवं पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और स्थिर नहीं रखा जा सकेगा। मोदी और ट्रंप के बीच बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को हुई वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देश भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं और 21वीं सदी के लिए एक नयी पहल - 'यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करना) शुरू की है। दोनों नेताओं ने इस बात की भी पुष्टि की कि अमेरिका और भारत के बीच घनिष्ठ साझेदारी एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य मुद्दों के अलावा क्वाड साझेदारी को मजबूत करने की बात भी कही। भारत क्वाड गठबंधन का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य हितेंद्र मल्होत्रा का पू. सी. रेलवे दौरा, कार्य प्रदर्शन की समीक्षा की



**मालीगांव :** हितेंद्र मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास), रेलवे बोर्ड एवं पदेन सचिव, भारत सरकार ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का दौरा किया, ताकि इस जोन की परिचालन दक्षता और संरक्षा तैयारियों का आकलन किया जा सके। अपने दौरे के दौरान मल्होत्रा ने पू. सी. रेलवे के मुख्यालय में चेतन कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, पू. सी. रेलवे और अरुण कुमार चौधरी, महाप्रबंधक, पू. सी. रेलवे (निर्माण) के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने संबंधित प्रधान विभागाध्यक्षों (पीएचओडी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक भी की। बातचीत का मुख्य बिंदु परिचालन प्रदर्शन, वाणिज्यिक रणनीतियों और सेवा दक्षता की समीक्षा करना था, जिससे इस जोन में निर्बाध रेलवे परिचालन और व्यावसायिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस दौरान माल ढुलाई अनुकूलन, ट्रेन परिचालन को सुव्यवस्थित करने तथा मंडलों के बीच समन्वय को मजबूत करने संबंधी रणनीतिक योजना पर भी जोर दिया गया। मुख्य प्रदर्शन संकेतकों की समीक्षा की गई तथा राजस्व सृजन और लॉजिस्टिक प्रबंधन के लिए नवीन दृष्टिकोणों की जानकारी ली। श्री मल्होत्रा ने उन्नत व्यावसायिक विकास पहलों, माल लॉजिस्टिक्स में बढ़ोतरी और संरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के बारे में बहुमूल्य जानकारियाँ प्रदान की, जिससे परिचालन उत्कृष्टता में भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता साबित हो सके। अपने दौरे के दौरान, मल्होत्रा ने केंद्रीय नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर इसके वास्तविक समय की निगरानी प्रणालियों, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र और परिवहन प्रबंधन क्षमताओं का आकलन किया। आज़रा स्टेशन और गुड्स यार्ड में एक विस्तृत क्षेत्र निरीक्षण भी किया गया। रेलवे बोर्ड के सदस्य ने बुनियादी संरचनाओं की तत्परता, माल हैंडलिंग दक्षता और संभावित क्षमता विस्तार की जांच की।

## न्यूज अपडेट

### प्रधानमंत्री मोदी ने पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2019 के पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। वर्ष 2019 में आज के ही दिन आतंकियों ने पुलवामा में बड़े हमले को अंजाम दिया था, जिसमें देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के पर आत्मघाती हमला किया था। इस हमले के महज 12 दिन के बाद भारत ने पाकिस्तान से बदला लिया और 26 फरवरी को बालाकोट में 'एअर स्ट्राइक' को अंजाम दिया। इस 'एअर स्ट्राइक' में भारतीय सेना ने जैश के कई आतंकियों को मार गिराया था। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''2019 में पुलवामा में हमने जिन साहसी नायकों को खोया, उन्हें श्रद्धांजलि। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी।''

### टू जी मामले में ए राजा, अन्य को बरी किए जाने के खिलाफ अपील सुनवाई के लिए तैयार: सीबीआई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और 16 अन्य को बरी किए जाने के खिलाफ उसकी अपील ''सुनवाई के लिए तैयार है।'' सीबीआई के वकील संजय जैन ने न्यायमूर्ति विकास महाजन से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई के लिए कई तिथियां तय की जाएं, क्योंकि मामले में रिकॉर्ड बहुत ज्यादा हैं, या फिर सुनवाई का कार्यक्रम तय करने के लिए इसे किसी अन्य तिथि के लिए सूचीबद्ध किया जाए। इस पर न्यायमूर्ति महाजन ने मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च के लिए तय की। एक विशेष सीबीआई अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को संप्रग सरकार के कार्यकाल में दूरसंचार मंत्री रहे राजा, जो अब नीलगिरी से सांसद हैं, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य को कथित घोटाले से जुड़े सीबीआई और ईडी मामलों में बरी कर दिया था। सीबीआई ने 2008 में 2जी स्पेक्ट्रम के लिए लाइसेंसों के आवंटन में सरकारी खजाने को 30,984 करोड़ रुपये का नुकसान होने का दावा किया था। बाद में शीर्ष अदालत ने दो फरवरी, 2012 को आवंटन रद्द कर दिया था। 20 मार्च, 2018 को सीबीआई ने बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने 22 मार्च, 2024 को सीबीआई की अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि निचली अदालत के फैसले में ''कुछ विरोधाभास थे, जिनकी गहन पड़ताल की आवश्यकता है।''

### अदालतें विधायिका को विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका का अपने आदेश में निस्तारण कर दिया था। पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा, ''संसद ने हर पहलू पर विचार करने के बाद एक नया अधिनियम बनाया है। रिट अधिकार क्षेत्र में, न तो उच्च न्यायालय और न ही उच्चतम न्यायालय विधायिका को किसी विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश दे सकता है।'' जनहित याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 230 का हवाला देते हुए कहा कि याचिका निरर्थक है।

## शाह ने महाराष्ट्र सरकार से सभी पुलिस आयुक्तालयों में नए आपराधिक कानून लागू करने को कहा




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार से राज्य के सभी पुलिस आयुक्तालयों में तीन नए आपराधिक कानूनों को जल्द से जल्द लागू करने को कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र में आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर यहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार को नए आपराधिक कानूनों के अनुसार अभियोजन निदेशालय बनाना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लिया है। ये नए कानून पिछले साल एक जुलाई से लागू हुए। शाह ने कहा, ''महाराष्ट्र सरकार को जल्द से जल्द राज्य के सभी आयुक्तालयों में नए आपराधिक कानूनों को लागू करना चाहिए।''

### पुलवामा हमले के बाद हवाई हमलों के जरिये आतंकवादियों को दिया गया मुंहतोड़ जवाब

**हल्द्वानी :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुलवामा आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पाकिस्तान में हवाई हमलों के जरिये आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेथपोरा-पुलवामा में विस्फोटकों से भरी अपनी कार से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले में शामिल बस में टक्कर मार दी थी, जिससे 40 जवान शहीद हो गए थे। हमले के कुछ दिन बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर बमबारी की थी। पुलवामा हमले की बरसी पर शाह

## अदाणी पर देश में चुप्पी साधते हैं, विदेश में 'व्यक्तिगत मामला' बताते हैं प्रधानमंत्री: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी से जुड़े मामले में की गई टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि विदेश में प्रधानमंत्री मोदी के लिए रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में गौतम अदाणी से जुड़े सवाल पर कहा, ''भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम' की है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। मेरा मानना है कि हर भारतीय से मेरा नाता है।'' मोदी ने कहा कि दो नेताओं के बीच बातचीत में ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं की जाती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी मोदी जी ने अदाणी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''जब मित्र की जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है।''

## इन्फ्लुएंसर विवादित टिप्पणी मामला: न्यायालय रणवीर इलाहाबादिया की याचिका पर कुछ दिन में करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की यूट्यूब पर एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों के संबंध में दायर इलाहाबादिया की याचिका पर दो-तीन दिन में सुनवाई की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इन्फ्लुएंसर की ओर से पेश अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ से कहा कि वह याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए मामलों का मौखिक उल्लेख करने की अनुमति नहीं देता है। जब चंद्रचूड़ ने कहा कि असम पुलिस ने इलाहाबादिया को जांच में शामिल होने के लिए आज बुलाया है तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' मैंने पीठ को मामला सौंप दिया है और यह मामला दो-तीन दिन में (पीठ के समक्ष) आएगा।'' माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणियों की बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है। इस सिलसिले में देश भर में कई स्थानों पर इलाहाबादिया एवं अन्य के खिलाफ पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इलाहाबादिया ने यह विवादित टिप्पणी समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की थी। असम पुलिस की एक टीम उत्तर-पूर्वी राज्य में रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' को लेकर दर्ज मामले के सिलसिले में उन्हें समन जारी करने के लिए पुणे में है। रैना का पुणे के बालेवाड़ी में एक घर है। ऑनलाइन शो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के आरोप में सोमवार को गुवाहाटी में एक निवासी ने यह मामला दर्ज कराया था।

### इलाहाबादिया की टिप्पणियों पर विवाद के बीच मंत्री शेलार ने अश्लील कार्यक्रमों की जांच का निर्देश दिया

महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री आशीष शेलार ने शुक्रवार को अपने विभाग के अधिकारियों से उन कार्यक्रमों की जांच करने को कहा, जो अश्लीलता को बढ़ावा देते हैं और जिनके टिकट थिएटर निरीक्षण बोर्ड की मंजूरी के बिना बेचे जा रहे हैं। शेलार के कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, मंत्री का यह निर्देश यूट्यूब पर प्रसारित कॉमेडी शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया की विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर मचे बवाल की पृष्ठभूमि में आया है। शो में इलाहाबादिया ने माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। मुंबई और असम पुलिस इस मामले की जांच कर रही हैं। बयान के अनुसार, शेलार को मराठी भाषा के इसी तरह के कार्यक्रम 'कांदेपोहे' को लेकर भी कई शिकायतें मिली हैं। इसमें कहा गया है कि दक्षिण मुंबई स्थित राज्य सचिवालय 'मंत्रालय' में सांस्कृतिक मामलों के विभाग की बैठक में शेलार ने अधिकारियों को मामले की तत्काल जांच शुरू करने का निर्देश दिया।

## भारत के मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई, जिससे भारी नुकसान हुआ: कोविंद




**नयी दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत के मध्यकाल में ऐतिहासिक परिस्थितियों के कारण ''समुद्र की उपेक्षा की गई जिससे देश की नौसैन्य ताकत के फीकी पड़ने से ''भारी नुकसान'' हुआ। उन्होंने यहां मानेकशॉ सेंटर में ''थिंक टैंक'' नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ) द्वारा आयोजित एक व्याख्यान में कहा कि हालांकि, समुद्र ताकत के नजरिये से इस ''अंधकार युग'' के दौरान भी देश की समुद्री विरासत पूरी तरह नष्ट नहीं हुई। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, ''भारत की समुद्री विरासत समुद्र के साथ उसके दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है, जिसमें व्यापार, संस्कृति और नौसैन्य कौशल शामिल हैं। इस समृद्ध विरासत ने हमारे देश के इतिहास और व्यापक विश्व के साथ उसके संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है।'' कोविंद ने कहा कि भारत की समुद्री गतिविधियों की जड़ें करीब 5,000 साल पुरानी हैं और सिंधु घाटी सभ्यता से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी तटीय विरासत ने हमारी सभ्यता, सामाजिक संस्कृति और आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दृष्टि से यह विश्वास करना कठिन है कि हमारे मध्यकाल में समुद्र की उपेक्षा की गई।'' पूर्व राष्ट्रपति ने इस युग के किसी राजवंश या शासक का नाम लिए बिना कहा कि ''ऐतिहासिक परिस्थितियों'' के कारण समुद्र पर ध्यान नहीं दिया गया। कोविंद ने अफसोस जताते हुए कहा, ''मध्यकाल के दौरान, विभिन्न साम्राज्यों का बोलबाला था। इनमें से कई शासकों की जड़ें चारों तरफ से भूमि से घिरे क्षेत्रों से जुड़ी थीं और वे विशाल भूक्षेत्र के प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करते थे। हमारी सामूहिक चेतना ने समुद्र को शक्ति और समृद्धि के मार्ग के रूप में अनदेखी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हमारी नौसैन्य ताकत फीकी पड़ने लगी।'' उन्होंने कहा, ''एक ऐतिहासिक समुद्री राष्ट्र भारत के लिए यह अवधि...वास्तव में एक विसंगति थी। फिर भी, समुद्री क्षेत्र की इस उपेक्षा ने बहुत बड़ी कीमत चुकाई। यही कारण था कि इतने बड़े भू-साम्राज्य यूरोपीय व्यापारिक कंपनियों के हाथों में इतनी आसानी से चले गए।''

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर, संगकारा श्रीलंका के कप्तान



**नयी दिल्ली :** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जायेगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किये हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है।' श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

# राष्ट्रीय खेलों का समापन, शाह ने कहा भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए तैयार



**हल्द्वानी :** एक सादगीपूर्ण लेकिन जीवंत समारोह के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुक्रवार को समापन हो गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दोहराया कि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने अगले मेजबान मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा को ध्वज सौंपने से पहले खेलों के समापन की घोषणा की। शाह ने अपने संबोधन में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आज यह कह सकता हूं कि खेलों में भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा, 'जब यहां ओलंपिक होंगे तो हमारे खिलाड़ी पदक जीतेंगे और तिरंगे का परचम लहरायेंगे।' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल से पहले नहीं लेगी। शाह ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में आयोजित समारोह में कहा, 'देव भूमि न केवल राष्ट्रीय खेलों के कारण, बल्कि खेलों में अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन और खेलों की सफल मेजबानी के कारण खेल भूमि में बदल गई है।' उन्होंने कहा, 'मैंने यहां देखा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाए गए कुछ रिकॉर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं।' शाह और धामी के अलावा जिन अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने समापन समारोह में भाग लिया उनमें केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य, दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम और ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग शामिल हैं। शाह ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भारत खेलों में और प्रगति करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार देश में खेलों का इकोसिस्टम और विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार कर रही है।

## न्यूज अपडेट

### आरसीबी ने जीत के साथ किया आगाज, गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हराया



**वडोदरा :** रिचा घोष के 27 गेंद में नाबाद 64 रन और एलिसे पैरी की 34 गेंद में 57 रन की पारी की मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र के पहले मैच में शुक्रवार को गुजरात जाइंट्स को छह विकेट से हरा दिया। जीत के लिये 202 रन का लक्ष्य आरसीबी ने नौ गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। रिचा ने अपनी पारी में सात चौके और चार छक्के लगाये। वहीं पैरी ने छह चौके और दो छक्के जड़े। आखिर में कनिका आहूजा ने 13 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये। कप्तान स्मृति मंधाना (नौ) और उनकी सलामी जोड़ीदार डैनी वियाट हॉज (चार) सस्ते में आउट हो गई जिसके बाद पैरी ने राघवी बिष्ट (25) के साथ मिलकर पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 86 रन जोड़े। इसके बाद रिचा ने मोर्चा संभाल लिया। इससे पहले कप्तान एशले गार्डनर और अनुभवी बेथ मूनी के अर्धशतकों की मदद से गुजरात जाइंट्स ने पांच विकेट पर 201 रन बनाये। मूनी ने 42 गेंद में आठ चौकों की मदद से 56 रन बनाये जबकि गार्डनर ने 37 गेंद में 79 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें तीन चौके और आठ छक्के शामिल थे। इससे पहले गत चैम्पियन आरसीबी की कप्तान मंधाना ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। स्कोर बोर्ड पर जब 41 रन टंगे थे तब लौरा वोल्वार्ट और डी हेमलता पवेलियन लौट गए लेकिन गार्डनर और मूनी ने टीम को इन झटकों से निकाला। आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 44 रन जोड़े। मूनी को लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने आउट किया जिनका कैच मंधाना ने लपका। गार्डनर ने इसके बाद वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डोटिन (13 गेंद में 25 रन) के साथ पांच ओवर में 67 रन जोड़े। डोटिन ने अपनी आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। महिलाओं की एशेज श्रृंखला से ही शानदार फॉर्म में चल रही गार्डनर ने प्रेमा और भारत की अंडर 19 तेज गेंदबाज वीजे जोशिता को एक ओवर में तीन छक्के लगाये। डोटिन को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने आउट किया लेकिन तब तक गुजरात की टीम बड़ा स्कोर बना चुकी थी।

### आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी: विजेता को मिलेगी 22 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि

**दुबई :** आईसीसी ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड रुपए) मिलेंगे। उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपये) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपये) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले एक बयान में कहा, ''यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है।'' किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपये), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपये) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपये) की गारंटी मिलेगी।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी निगाह




**वडोदरा :** पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा। मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है। भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और मुंबई ने उनकी जगह बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसोदिया को लिया है जिन्होंने हाल ही में अंडर -19 महिला टी 20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता टीम की एक अन्य सदस्य जी कमलिनी पर भी निगाहें रहेंगी, जिन्होंने सात मैच में 143 रन बनाए थे। मुंबई के पास हरमनप्रीत कौर के रूप में अनुभवी कप्तान और बल्लेबाज है। उसकी टीम में कुछ कुशल विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल और क्लो ट्राईटन प्रमुख हैं। जहां तक दिल्ली का सवाल है तो सभी की निगाहें विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज शेफाली पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

# साल में दस महीने खेलने से चोटों का खतरा और बढेगा : कपिल देव



**कोलकाता :** विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस कड़ी में ताजा नाम बन गए हैं जिन्हें कमर की चोट के कारण सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रहना पड़ा। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये प्रारंभिक टीम में शामिल होने के बावजूद बुमराह अंतिम टीम से बाहर हो गए। मोहम्मद शमी 14 महीने तक चोट के कारण बाहर रहे। 1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा, 'मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं।' यह पूछने पर कि क्या चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की कमी खलेगी, कपिल ने खिलाड़ियों से चोटिल खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की बजाय एक दूसरे का सहयोग करने पर फोकस रखने के लिये कहा। उन्होंने कहा, 'उसके बारे में बात क्यो करना जो टीम में नहीं है। यह टीम का खेल है और टीम को जीतना है, व्यक्तियों को नहीं। यह बैडमिंटन, टेनिस या गोल्फ नहीं है। हम चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम खेल में भाग ले रहे हैं। अगर हम टीम के तौर पर खेलेंगे तो जरूर जीतेंगे।'

## दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे भारतीय पहलवान, खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई पर ठीकरा फोड़ा

**नयी दिल्ली :** भारतीय पहलवान अल्बानिया में वर्ष की दूसरी रैंकिंग सीरिज से बाहर रहेंगे चूंकि खेल मंत्रालय ने यह कहकर मंजूरी रोक दी कि भारतीय कुश्ती महासंघ ने समय पर जरूरी अनुशंसा जमा नहीं की। मंत्रालय और निलंबित डब्ल्यूएफआई के बीच मतभेदों के चलते भारतीय पहलवान क्रोएशिया के जगरेब में पहली रैंकिंग सीरिज से बाहर रह चुके हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था लेकिन अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से उसे मान्यता मिली हुई है। उसने ऐन मौके पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को प्रस्ताव भेजा था। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'डब्ल्यूएफआई ने ऐन मौके पर प्रस्ताव भेजा और प्रस्तावित नाम भेजने में भी विलंब हुआ। इसलिये मंजूरी नहीं दी जा सकी।' उन्होंने कहा, 'हम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये खिलाड़ियों को मंजूरी देने को हमेशा तैयार रहते हैं लेकिन प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है।'

# समाज्ञा व्यापार

## न्यूज ब्रीफ

### बीएचईएल को सिंगरेनी कोलियरीज से 6,700 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को तेलंगाना में 800 मेगावाट की तापीय बिजलीघर स्थापित करने के लिए सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी (एससीसीएल) से 6,700 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्यक्षेत्र में डिजाइन, इंजीनियरिंग, निर्माण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग के साथ-साथ सिविल कार्य शामिल हैं। बीएचईएल को ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) के आधार पर तेलंगाना के मंचेरियल जिले में 800 मेगावाट की आदिलाबाद अत्याधुनिक तापीय बिजलीघर परियोजना स्थापित करने के लिए एससीसीएल से ऑर्डर मिला है। कंपनी ने कहा कि ऑर्डर 6,700 करोड़ रुपये का है।

### आरबीआई ने दो बैंकों पर लगाया 68 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन के लिए नैनीताल बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर कुल 68.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कर्ज पर ब्याज दर और बैंकों में ग्राहक सेवा पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए नैनीताल बैंक लिमिटेड पर 61.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 'आरबीआई द्वारा जारी कुछ नियमों का पालन न करने के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 6.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरबीआई ने गैर-बैंकिंग इकाई श्रीराम फाइनेंस पर भी 5.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। श्रीराम फाइनेंस पर केवाईसी से जुड़ी जरूरी प्रक्रिया और क्रेडिट जानकारी देने के नियमों का ठीक से पालन नहीं करने के कारण यह जुर्माना लगाया गया।

# बीएसएनएल 17 साल बाद मुनाफे में लौटी, दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का लाभ




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इसके साथ कंपनी लगभग 17 वर्षों के बाद लाभ में आई है। उन्होंने इसे सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जो सेवा पेशकश और ग्राहक आधार के विस्तार पर ध्यान दे रही है। सिंधिया ने कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने कई क्षेत्रों में सुधार किया है तथा मोबाइल, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) और लीज्ड लाइन सेवा पेशकश में 14-18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में उपभोक्ताओं की संख्या भी बढ़कर लगभग नौ करोड़ हो गई है, जो जून में 8.4 करोड़ थी। मंत्री ने बीएसएनएल के तिमाही परिणामों पर कहा, आज का दिन बीएसएनएल के लिए और भारत में दूरसंचार क्षेत्र की यात्रा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है...बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 17 वर्षों में पहली बार तिमाही आधार पर लाभ दर्ज किया है। पिछली बार बीएसएनएल ने 2007 में तिमाही मुनाफा कमाया था। दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग 262 करोड़ रुपये रहा। मोबाइल सेवाओं से आमदनी में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, फाइबर टू द होम आय में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और लीज्ड लाइन सेवाओं के राजस्व में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसएनएल ने अपनी वित्तीय लागत और समग्र व्यय में कटौती की है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में घाटे में 1,800 करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई है। पिछले चार वर्षों में, बीएसएनएल की कर पूर्व आय (ईबीआईटीडीए) वित्त वर्ष 23-24 तक 1,100 करोड़ रुपये से दोगुनी होकर लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गई।

### महिंद्रा को दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल के लिए पहले दिन 30,179 बुकिंग मिलीं

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि उसे अपने दो नए इलेक्ट्रिक मॉडल - 'एक्सईवी 9ई' और 'बीई6' के लिए पहले दिन 30,179 बुकिंग मिली हैं। वाहन कंपनी ने दावा किया कि प्राप्त बुकिंग राशि 8,472 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम कीमत) के बराबर है। कंपनी ने शुक्रवार को 'एक्सईवी 9ई' और 'बीई6' के लिए बुकिंग शुरू की। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी ने पहले दिन 30,179 बुकिंग हासिल करके ईवी श्रेणी में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसकी बुकिंग कीमत 8,472 करोड़ रुपये (एक्स-शोरूम कीमत) है।' कंपनी ने कहा कि दोनों मॉडल की कीमत 18.9 लाख रुपये से 30.5 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के बीच है।

# बिकवाली जारी रहने से शेयर बाजार में आठवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 200 अंक और टूटा




**मुंबई :** विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही। बाजार में कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त खत्म हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर बंद हुआ। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत और निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और टाटा स्टील भी नुकसान में रहे। दूसरी ओर नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक लाभ में रहे। कंपनियों की कमजोर आय के कारण निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की भावना हावी होती जा रही है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और शुल्क जैसे बाहरी कारकों से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। एफआईआई की निकासी जारी रहने से गिरावट बढ़ सकती है।' उन्होंने कहा कि जब तक शुल्क पर स्पष्टता नहीं आ जाती है, और कंपनियों की आय में सुधार नहीं होता है, तब तक अस्थिरता बनी रहने का अनुमान है। एंजल वन के तकनीकी एवं वायदा-विकल्प के वरिष्ठ विश्लेषक ओशो कृष्णन ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों में आई जोरदार गिरावट ने पिछले दो हफ्तों की तेजी को पूरी तरह से फीका कर दिया है। उन्होंने कहा, 'इस सप्ताह लगातार आठ सत्रों में बिकवाली हुई, जिससे निवेशकों में चिंता का माहौल बन गया।' बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 3.24 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 2.59 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो सेवा में 3.16 प्रतिशत, औद्योगिक में 3.03 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 2.76 प्रतिशत, बिजली में 2.65 प्रतिशत, उपयोगिता में 2.52 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 2.39 प्रतिशत, जिंस में 2.25 प्रतिशत और रियल्टी में 2.03 प्रतिशत की गिरावट आई।

# रुपया 22 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.71 पर बंद



**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे उछलकर 86.71 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार द्वारा एक अप्रैल को जवाबी शुल्क लागू करने की घोषणा के बाद डॉलर में आक्रामक तेजी रुक गई, जिससे व्यापारिक साझेदारों को कुछ राहत मिली है। उन्होंने कहा कि हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत शेयरों की बिकवाली से रुपये की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.86 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.71 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसने 86.90 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को भी छुआ और सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले 86.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो अपने पिछले बंद से 21 पैसे की तेजी है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.93 पर लगभग स्थिर रहा था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक की वजह से रुपये में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी शुल्क के क्रियान्वयन को एक अप्रैल तक टाल दिया, जिससे बाजार की घबराहट शांत हुई है। चौधरी ने कहा, 'एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) की लगातार बिकवाली से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आगे कोई भी हस्तक्षेप, रुपये को निचले स्तरों पर सहारा दे सकता है।

## न्यूज अपडेट

### सोना रिकॉर्ड 89 हजार रुपये के पार, चांदी 2,000 रुपये चढ़कर चार महीने के उच्च स्तर पर

**नयी दिल्ली :** आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के बीच सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी शुक्रवार को 2,000 रुपये उछलकर चार माह के उच्च स्तर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वृहस्पतिवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज में उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, 'कमजोर डॉलर सूचकांक और अमेरिकी शुल्क नीतियों से मिले लगातार समर्थन के कारण सोने की कीमतों में तेजी जारी रही।'

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया, यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों अनुसार, सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.42 अरब डॉलर बढ़कर 544.11 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.31 अरब डॉलर बढ़कर 72.21 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड डॉलर बढ़कर 17.88 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.07 अरब डॉलर रह गया।

### आरबीआई ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल को भंग किया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में खराब संचालन मानकों का हवाला देते हुए इसके निदेशक मंडल को भंग कर दिया। बैंक पर पर कई प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद आरबीआई ने यह कदम उठाया। आरबीआई की पाबंदियों के बाद शुक्रवार को बैंक की शाखाओं के बाहर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इन पाबंदियों में बैंक को नए कर्ज जारी करने से रोका गया है और साथ ही बैंक द्वारा ग्राहकों के जमा पैसे को छह महीने तक निकालने पर भी रोक लगा दी गई है। बैंक की 28 शाखाएं हैं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई क्षेत्र में स्थित हैं। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि उसने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत को बैंक के मामलों के प्रबंधन के लिए 'प्रशासक' नियुक्त किया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए हटा दिया गया है। बैंक ने अपने प्रशासनिक कार्यों को सही तरीके से और प्रभावी रूप से करने के लिए एक 'सलाहकार समिति' बनाई है। इस सलाहकार समिति में दो सदस्य रवींद्र सपरा (पूर्व महाप्रबंधक, एसबीआई) और अभिजीत देशमुख (चार्टर्ड अकाउंटेंट) शामिल हैं। आरबीआई ने कहा, बैंक में खराब संचालन मानकों से उत्पन्न कुछ चिंताओं के कारण यह कार्रवाई आवश्यक है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4150 अंक 300, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in